


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित





डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17



5 आज मनेगी रामनवमी | सम्पादकीय | संकल्प के सवाल | आज होगी मां सिद्धिदात्री की पूजा 5




वर्ष 16 अंक 78 E-mail: dholpur@hotmail.com धौलपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## ड्डविज्ञापन केस- पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट में फिर माफी मांगी, कोर्ट ने पुनः 23 अप्रेल को हाजिर होने को कहा

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं।

**कोर्ट ने कहा- हम बाबा रामदेव को सुनना चाहते हैं।**



जस्टिस कोहली ने कहा- आपने (रामदेव) योग के लिए बहुत कुछ किया है। आपका सम्मान है, लेकिन आपने ये जो स्टेटमेंट दिया है- परम आदरणीय जज साहिब महोदया। अनकंडीशनली जो भी हमसे हुई हम अपोलोजाइज किए हैं। जिस चीज का आप प्रचार कर रहे हैं, हमारी संस्कृति में ऐसी कई चीजें हैं। लोग सिर्फ ऐलोपैथी नहीं, घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल कर रहे हैं। नानी के नुस्खे भी। आप अपनी पद्धतियों के लिए दूसरों (एलोपैथी) को गलत क्यों बता रहे हैं।

रामदेव ने कहा- किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था। आयुर्वेद को रिसर्च बेस्ड एविडेंस के लिए तथ्य पर लाने के लिए पतंजलि ने प्रयास किए हैं। आगे से इसके प्रति जागरूक रहूंगा। कार्य के उत्साह में ऐसा हो गया। आगे से नहीं होगा। इस पर कोर्ट ने कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं। ऐसा लग नहीं रहा है कि कोई हृदय परिवर्तन हुआ हो। अभी भी आप अपनी बात पर अड़े हैं। आपको सात दिन का समय देते है। हम इस मामले को 23 अप्रैल को देखेंगे। आप दोनों (रामदेव-बालकृष्ण) उस दिन भी कोर्ट में मौजूद रहें।

पतंजलि ने 2 और 9 अप्रैल को भी माफी मांगी, कोर्ट ने कहा- ये सिर्फ खानापूर्ति है बाबा रामदेव की तरफ से 2 अप्रैल को जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में माफीनामा दिया गया था। बेंच ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। आपके अंदर माफी का भाव नहीं दिख रहा। इसके बाद कोर्ट ने 10 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की थी।10 अप्रैल की सुनवाई से ठीक एक दिन पहले (9 अप्रैल को) बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया एफिडेविट फाइल किया। इसमें पतंजलि ने बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है और ऐसा दोबारा नहीं होगा।सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया।

## रामनवमी आज, दोपहर 12 बजे होगा रामलला का सूर्यतिलक

आर.एन.एस.

**धौलपुर।** आज रामनवमी है। अयोध्या में इस मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त रहेगा। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक त्रेतायुग में इसी समय श्रीराम का जन्म हुआ था।

श्रीराम जन्म पर पूजा और व्रत करने की परंपरा है। पूजा के लिए करीब ढाई घंटे का एक ही मुहूर्त है, जो सुबह 11:05 बजे से दोपहर 1:35 बजे तक रहेगा।

इस अवसर पर 1992 से रामलला के मुख्य पुजारी रहे सत्येंद्र दास और मौजूदा पुजारी पं. संतोष तिवारी से आसान पूजा विधि लिखवाई। इस विधि के मुताबिक आप घर में ही श्रीराम की पूजा कर सकते हैं।

**सूर्य तिलक के समय 9 शुभ योग, 3 ग्रहों की स्थिति त्रेतायुग जैसी**

दोपहर 12 बजे जब रामलला का सूर्य तिलक होगा, उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। इन 9 शुभ योग में रामलला का सूर्य तिलक होगा। वाल्मीकि रामायण



में लिखा है

कि राम जन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। वाराणसी के प्रो. रामनारायण द्विवेदी और पुरी के डॉ. गणेश मिश्र के मुताबिक सितारों का ये संयोग देश के लिए शुभ संकेत है।

**रामनवमी पर स्वर्ण जड़ित पीली-गुलाबी पोशाक पहनेंगे रामलला**

अयोध्या में 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जहां सूर्य तिलक से भगवान रामलला का जन्मोत्सव शुरू होगा। इस दिन रामलला स्वर्ण आभूषण और रत्न जड़ित पोशाक में अद्भुत दर्शन देंगे। उनकी रत्न जड़ित पोशाक दो रंगों में बनी है- पीली और गुलाबी। वस्त्रों पर स्वर्ण धागों से सिलाई-कढ़ाई की गई है।

**रामलला के माथे पर माणिक्य पीसकर चंदन लेप लगाया जाएगा**

रामलला को मुकुट, कुंडल, हार, तिलक, बाजूबंद, हाथों के कड़े पहनाए जाएंगे। यानी रामलला के सिर से लेकर पैर के अंगूठे तक सोने और हीरे-पन्ने के आभूषण होंगे। सोने के तार वाला धनुष-बाण भी होगा। उनके मस्तक पर चंदन का लेप होगा, उनमें माणिक्य को पीसकर मिलाया जाएगा, ताकि रोशनी में प्रभु का मस्तक दमकता रहे।

## संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है - पीएम मोदी

आर.एन.एस.


**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है, क्योंकि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है।

मोदी ने कहा- टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीबों अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं हैं। लेकिन यह चुनाव उन्हें बताएगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित लोग और आदिवासी TMC के गुलाम नहीं हैं। टीएमसी, जिसने आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर ला दिया है, जल्द ही घुटनों पर आ जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने बंगाल में रामनवमी समारोह का फिर विरोध किया था, लेकिन सच्चाई की जीत हुई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की परमिशन दे दी है।

मोदी ने कहा, टीएमसी को अब लग रहा है कि मोदी ने अब योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है।

मोदी की गारंटी से राज्य को लाभ मिलेगा, तो राज्य की जनता का विकास होगा और टीएमसी की दुकान बंद हो जाएगी, इसलिए झूठी खबरें फैला रहे हैं। लेकिन बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है।



## X पर पोस्ट, लाइक और रिप्लाई के पैसे लगेंगे, एआई का खतरा कम करना चाहती है कंपनी

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अब पोस्ट लिखने, लाइक करने, बुकमार्क करने और रिप्लाई करने के लिए चार्ज देना होगा। कंपनी ने प्लेटफॉर्म पर बॉट्स के हमले के खतरे को कम करने के लिए ये फैसला लिया है। X के मालिक एलन मस्क ने अपने हैंडल पर एक यूजर की पोस्ट के जवाब में यह बात कही है।

कंपनी यह चार्ज नए ङ्ग यूजर्स पर लगाने का प्लान कर रही है। इसके लिए कितना चार्ज लगेगा, कब से लगेगा, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी X की ओर से नहीं दी गई है। X से जुड़ी चीजों पर चर्चा करने वाले प्लेटफॉर्म X -न्यूज के मुताबिक, कंपनी इस पॉलिसी की टेस्टिंग और इम्प्लिमेंटेशन न्यूजीलैंड और फिलीपींस में कर चुकी है।

**मस्क बोले- बॉट्स के हमले को रोकने का एकमात्र तरीका**

मस्क ने अपनी पोस्ट में लिखा, बॉट्स के निरंतर हमले को रोकने का एकमात्र तरीका है कि कंपनी नए



यूजर्स को राइटिंग एक्सेस देने के लिए एक छोटी-सी फी चार्ज करे। मौजूदा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ट्रोल फार्म्स आसानी से एक्सेस टेस्ट क्या आप एक बोट हैं को पास कर जाते हैं।

## बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान - सुप्रीम कोर्ट

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** चुनाव में ईवीएम की जगह मतपत्रों के उपयोग को लेकर जारी चर्चाओं के बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान हैं. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना ने श्वङ्करू को हटाने की याचिका के पक्ष में अपनी बात रख रहे प्रशांत भूषण से पूछा कि अब आप क्या चाहते हैं? प्रशांत भूषण ने कहा कि पहला बैलेट पेपर पर वापस जाएं . दूसरा फिलहाल 100 फीसदी ङ्कङ्कक्क्क्ष मिलान हो। अदालत ने कहा कि देश में 98 करोड़ वोटर हैं. आप चाहते हैं कि 60 करोड़ वोटों की गिनती हो. प्रशांत भूषण ने कहा कि बैलेट से वोट देने का अधिकार दिया जा सकता है या वीवीपैट मे जो पर्ची है उसे मतदाताओं को दिया जाए.

जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि सामान्यतः मानवीय हस्तक्षेप से समस्याएं उत्पन्न होती हैं. समस्या तब पैदा होती है जब मानवीय हस्तक्षेप होता है या जब वे सॉफ्टवेयर या मशीन मे अनधिकृत परिवर्तन करते हैं. यदि आपके पास इसे रोकने के लिए कोई सुझाव है, तो आप हमें दे सकते हैं.

**प्रशांत भूषण ने क्या कहा**

प्रशांत भूषण ने वीवीपैट की पर्ची



मतदाताओं को देने की मांग के साथ कहा कि मतदाता उसे एक बैलेट बॉक्स मे डाल दे. अभी जो वीवीपैट है उसका बॉक्स ट्रांसपेरेंट नहीं है.सिर्फ सात सेकेंड के लिए पर्ची वोटर को दिखाई देती है.

वकील संजय हेगड़े ने मांग की कि ईवीएम पर पड़े वोटों का मिलान वीवीपीएटी पर्चियों से किया जाना चाहिए. जस्टिस खन्ना-क्या 60 करोड़ वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती होनी चाहिए? वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि चुनाव आयोग का कहना है कि सभी वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती में 12 दिन लगेंगे. एक वकील ने वोट देने के लिए बारकोड का सुझाव दिया. जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर आप किसी दुकान पर जाते हैं तो वहां बारकोड होता है. बारकोड से गिनती में मदद नहीं मिलेगी जब तक कि हर उम्मीदवार या पार्टी को बारकोड न दिया जाए और यह भी एक बहुत बड़ी समस्या होगी।

## इजराइल की मांग- ईरान की सेना आतंकी संगठन घोषित हो, विदेश मंत्री ने 32 देशों को लेटर लिखा

आर.एन.एस.

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान ने 13 अप्रैल को देर रात 300 मिसाइल और ड्रोन के साथ इजराइल पर हमला कर सीरिया में उनके दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया। इसके बाद से इजराइल की जवाबी कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। सोमवार को 2 बार इजराइल में वॉर कैबिनेट की मीटिंग हुई।

इसमें तय किया गया कि इजराइल जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा। हालांकि, अब तक यह नहीं बताया गया है कि हमला कब और कैसे किया जाएगा। ष्टहृहृ की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की वॉर कैबिनेट में ईरान के खिलाफ बनाया गया मिलिट्री प्लान देखा गया और उस पर चर्चा हुई।

सदस्यों में इस बात को लेकर सहमति है कि इजराइल को जल्द जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। वॉर कैबिनेट ने उन डिप्लोमैटिक तरीकों पर भी चर्चा की, जिसके जरिए ईरान से बदला लिया जा सके। इस दौरान वॉर कैबिनेट के सदस्यों में तीखी बहस हुई।

इजराइली अधिकारियों के मुताबिक कैबिनेट के सदस्य बेनी गांट्ज ने सुझाव दिया कि ईरान पर हमला होना चाहिए।

पर वो ऐसा नहीं हो जिसमें लोगों की जान जाए। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी और जॉर्डन ने इजराइल से अपील की है कि वो ईरान पर जवाबी हमला न करे। इससे पूरा इलाका जंग की भेंट चढ़ जाएगा।

**इजराइल की मांग- ईरान के मिसाइल प्रोग्राम पर पाबंदियां लगाई जाएं**



इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 32 देशों को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने ईरान के मिसाइल प्रोग्राम पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने ईरान की सेना की ब्रांच इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकी संगठन घोषित किए जाने की भी अपील की है।

काट्ज ने कहा कि इसके जरिए ईरान को कमजोर करने में मदद मिलेगी। ईरान को रोका जाना बेहद जरूरी है, इससे पहले की बहुत देर हो जाए।

**इजराइल बोला- जवाबी हमले से खाड़ी देशों को नुकसान नहीं होगा**

इजराइल ने अरब देशों को आश्वासन दिया है कि ईरान के खिलाफ उसके जवाबी हमले से उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा।

इजराइल के कान पब्लिक ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल ने जॉर्डन, मिस्र और खाड़ी देशों से कहा है कि वो ईरान पर इस तरह से हमला करेगा कि इसके बाद ईरान जवाबी हमला न करे।

## तुर्किये में 3 महीनों से जहाज पर फंसे 12 भारतीयःबोले- या तो छोड़ दो या मार डालो

**नई दिल्ली।** भारत के 12 नाविक एजेंट्स के झांसे में आकर तुर्किये के एक जहाज पर फंस गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक तुर्किये के इस्तांबुल के अंबरली बंदरगाह पर एमवी फातमा ईलूल नाम का जहाज फंसा है। इसमें भारत के 12 नाविक पिछले साढ़े तीन महीनों से बिना पैसों के गुजारा करने को मजबूर हैं। इन नाविकों को एजेंट्स ने ठगा है। जहाज के कैप्टन क्लीटस जेसुडासन ने गुहार लगाई है कि या तो हमें आजाद करा लो या हमें मार डालो। हम असहाय महसूस करते हैं, हमारे परिवार के पास गुजर-बसर के पैसे नहीं हैं। हमें जहाज नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। शिप के क्रू ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। पिछले क्रू को सैलरी न दिए जाने की वजह से तुर्किये की सरकार ने पिछले साल सितंबर में MV फातिमा ईलूल को कब्जे में ले लिया था।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम जारी, लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव टॉपर

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन- 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 कैंडिडेट्स इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, इंडियन पुलिस सर्विस और इंडियन फॉरेन सर्विस के लिए चुने गए हैं। 180 आईएएस और 200 आईपीएस अफसर बनेंगे।

लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। कैंडिडेट्स क्क्कस्ष्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस ऑफिसर

इस साल टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस




ऑफिसर हैं। रैंक 1 हासिल करने वाले आदित्य श्रीवास्तव, रैंक 4 पी के सिद्धार्थ रामकुमार और रैंक 5, रूहानी हैदराबाद में नेशनल पुलिस एकेडमी आईपीएस ट्रेनिंग पूरी कर रहे हैं।

पिछले 11 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि सर्विस में रहते हुए किसी आईपीएस ने इस एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इससे पहले 2013 में आईपीएस ऑफिसर गौरव अग्रवाल ने सिविल सर्विसेज एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक

## आर्थिक तंगहाली में भी पाकिस्तान ने बढ़ाए परमाणु हथियार, अमेरिकी अधिकारी का खुलासा

आर.एन.एस.

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखा है। इसका खुलासा अमेरिकी खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने अमेरिकी कांग्रेस को ये जानकारी दी है। क्रूस के मुताबिक, पिछले साल भारत के साथ बढ़ते विवाद के बीच पाकिस्तान ने अपने न्यूक्लियर वेपन्स को मॉडर्नाइज किया।उन्होंने ये भी बताया कि पाकिस्तान ने अपने न्यूक्लियर मैटिरियल और उसके कमांड और कंट्रोल की सिक्योरिटी को भी बढ़ाया है। अक्टूबर 2023 में, पाकिस्तान ने मध्यम दूरी की अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया था, जिसकी रेंज 2200 किलोमीटर थी।अभी कुछ दिन पहले ही एक सीनियर परमाणु वैज्ञानिक और लेफ्टिनेंट जनरल किदवई ने भारत को धमकी दी थी। उन्होंने इस्लामाबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक स्टडीज में अपने संबोधन के



दौरान कहा था कि पाकिस्तान का परमाणू कार्यक्रम भारत पर केन्द्रित है।

**शाहबाज सरकार ने आईएमएफ से मांगा एक और बेल आउट पैकेज**

पाकिस्तान के न्यूक्लियर हथियार मॉडर्नाइज करने की जानकारी उस वक्त आई है, जब पाकिस्तान की नई बनी सरकार ने आईएमएफ से एक और बेल आउट पैकेज की मांग की है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब अभी वॉशिंगटन में हैं। वो यहां अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से नए लोन पैकेज पर बात कर रहे हैं।इससे पहले अमेरिका के न्यूक्लियर वैज्ञानिकों ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि पाकिस्तान के पास फिलहाल 170 परमाणु हथियार हैं। जो 2025 तक 200 के पार जा सकते हैं। रिपोर्ट को 2023 पाकिस्तान न्यूक्लियर हैंडबुक नाम दिया गया है।

## सलमान के घर फायरिंग के आरोपी रिमांड पर, उन्हीं के फार्म हाउस के पास ठहरे थे

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सोमवार देर रात गुजरात के भुज से अरेस्ट किया था। उन्हें मंगलवार दोपहर मुंबई लाया गया। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता और सागर पाल के तौर पर हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं। इन्होंने सलमान के घर की तीन रेकी की थीं और पांच राउंड फायर किए थे। आरोपियों ने जिस पिस्तौल से फायरिंग की थी, उसे रिकवर नहीं किया जा सका है। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस से 10 किमी दूर रुके थे। पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसने एक फेसबुक पोस्ट में इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी।

# होम वोटिंग से मतदान कर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता जता रहे खुशी

## उत्साह के साथ मतदान कर बोले मतदाता 'घणी बढिया सुबिधा छ या तो

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई होम वोटिंग सुविधा से मतदान कर खुशी जता रहे है और घरा से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत तीसरे दिन मंगलवार को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग, बुर्जुगों मतदाताओं को मतदान दल ने घर बैठे मतदान करने की सुविधा सुलभ कराई। पोस्टल बैलेट के माध्यम किए जा रहे मतदान के दौरान मत की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



### वृद्धजनों ने लिया होम वोटिंग सुविधा लाभ

निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में लोकसभा चुनाव के लिये चल रही होम वोटिंग व्यवस्था के तहत तीसरे दिन बूंदी विधानसभा क्षेत्र की 47 वर्षीया रेखा देवी और नैनवां रोड़ निवासी 52 वर्षीय जय प्रकाश जाजू ने उत्साहपूर्वक घर बैठे मतदान सुविधा का का लाभ लेकर मतदान किया। होम वोटिंग सुविधा से मतदान करने के बाद मतदाताओं ने कहा कि वह मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ थे, लेकिन निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा दी गई हस सुविधा ने मतदान करने की प्रक्रिया को उनके लिए बहुत ही सहज बना दिया है।

### घणी बढिया सुबिधा छ या तो

बूंदी शहर के इंदिरा कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय दिव्यांग रमेश सैनी ने लोकतंत्र में अपनी मजबूत आस्था जताते हुए घर बैठे अपने अमूल्य मताधिकार का उपयोग किया। इसी तरह 92 वर्षीया जागीर कौर एवं 92 वर्षीय भंवर बाई ने मतदान करने के बाद स्थानीय भाषा में होम वोटिंग सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि 'म्हें तो वोट देबा जावझा पर मतदान केन्द्र मं तो घणी टेम लाग् छी अर परेशान भी हो जाव छा, कोइ साथ न होवछो तो बोट ही डाल पाव छा, ई बार वोट डालबा की आछी सुबिधा करी छै, बना कसी समस्या का घर बैठ्या ही बोट दे पाया। घणी बढिया सुबिधा करी छै या तो। म्हाका जस्या बूढा मनक भी अब घरा सूं ही बोट दे पा रिया छा। वहीं रजतगृह कॉलोनी निवासी महिला मतदाता 86 वर्षीय प्रेमलता ने कहा कि वह बिना किसी सहारे वोट डालने में असमर्थ है। आयोग द्वारा दिव्यांगों को होम वोटिंग की सुविधा दी गई है वह वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने खुश होते हुए कहा मैनें आज घर बैठे मतदान सुविधा का लाभ लिया है, जो मेरे लिए गौरवशाली है। बूंदी विधानसभा क्षेत्र के 86 वर्षीय महिला मतदाता कालीबाई , 87 वर्षीय राधेमोहन, 85 वर्षीय कुंज बिहारी ने भी होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया एवं घर बैठे उत्साह के साथ पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया।

# पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारियों को बताए जिम्मेदारी व कर्तव्यों का दिया प्रशिक्षण



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

बून्दी। लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान की तैयारी को लेकर मंगलवार को बून्दी महाविद्यालय के आठ कक्षों में पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान दल अधिकारियों का चुनावी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। महाविद्यालय के लाईब्रेरी हॉल कमरा नम्बर 156,157,158,160,49,50,51 में पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय ट्रेनर्स ने पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारीयों के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारी को दिये प्रशिक्षण में बताया कि पीठासीन अधिकारी केन्द्र का मुख्य अधिकारी होता है जो 100 मीटर की परिधि का पर्यवेक्षक भी होता है। मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या जैसे टेण्डर वोट, चैलेंज वोट, आयु संबंधि समस्या का निराकरण पीठोसीन अधिकारी द्वारा किया जावेगा। उनके कर्तव्यो व दायित्वों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि इस बार लोकसभा चुनावों में आधे केन्द्रों में वैब कैमरें लगाये जाऐंगे। जिसमें मतदान के दौरान पूरी सावधानी बरती जावेगी। दूसरे चरण में प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ जिसमें बताया कि प्रथम मतदान अधिकारी मतदान के दौरान मतदाता की पहचान सुनिश्चित करेगा। वह दस्तावेजों के आधार पर वोटिंग लिस्ट में चिन्हित कर इन्द्राज करेगा। किसी कारण पीठासीन अधिकारी की अनुपस्थिति में पीआरओ का भार उठायेगा। साथ में मतदान केन्द्र से 200 मीटर परिधि के भीतर किसी प्रकार के राजनैतिक गतिविधियों का संचालन नही हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। दोनो अधिकारियों ने अलग-अलग समय पर ईवीएम का भी प्रशिक्षण लिया। इस दौरान पीठोसीन अधिकारियों व प्रथम मतदान अधिकारियों को ईवीएम मशीन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कि ईवीएम मशीन किस प्रकार कार्य करेगी। मशीन में पेपर लगाना, स्टार्ट

# मतदान केन्द्र वाले विद्यालयों में 25 अप्रेल स्थानीय अवकाश घोषित

**बून्दी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के कार्यक्रमानुसार 26 अप्रेल को मतदान दिवस घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने जिले में जिन विद्यालयों में मतदान केन्द्र स्थापित है, उन विद्यालयों में मतदान दलों की रवानगी की तिथि 25 अप्रेल को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश घोषित

लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतदान करने के लिए ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है एवं राजस्थान राज्य में कार्यरत है। ऐसे कार्मिकों को आवेदन करने पर उनके निवास क्षेत्र में मतदान दिवस पर संबंधित विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष संवैतनिक अवकाश प्रदान करना सुनिश्चित करें।

# भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व दायित्ववान कार्यकर्ताओ एवं विचार प्रमुख से जुड़े प्रबुद्धज- संजय लाठी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी।** सोमवार को सायंकाल देवपुरा स्थित एक निजी रिसोर्ट में आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी शंकर लाल ठाड़ा ने कहा कि यह चुनाव देश की दशा एवं दिशा बदलने वाला चुनाव हैं। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से कहा कि यह आपका तप, तपस्या एवं तपस्वी जीवन का प्रतिफल है, जिससे भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव हासिल हुआ हैं। ठाड़ा ने कहा कि यह चुनाव विकसित भारत की नई इबारत लिखेगा। इसलिए हम संकल्पित होकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को सर्वाधिक मत से विजय दिलाने के लिए जुट जाएं। बैठक में पूर्व विधायक ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व महापौर व बूंदी विधानसभा प्रभारी महेश विजय एवं विकास शर्मा, चुनाव प्रबंधन समिति सदस्य द्वारका मंत्री, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगवान लाड़ला, महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष मीनू शर्मा, करीम भाई आदि ने अपने-अपने विचार किए एवं अजीत सिंह अजेता, अभिभाषक परिषद के पूर्व अध्यक्ष कैलाश नामधराणी व पूर्व सचिव जगदीश गुप्ता ने अधिक मतदान हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक का संचालन भाजपा नेता संजय लाठी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी बील्या ने मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प दिलाया। उन्होंने उपस्थित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से प्रत्येक बूथ पर प्राण-प्रण से जुटने का आह्वान किया।

इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष मोडू लाल वर्मा, राम प्रसाद शर्मा, राज कुमार दाधीच, नवल किशोर श्रृंगी, इदरीश भाई, गोविंद सिंह हाड़ा, शम्भु दत्त भट्ट, हरीश बिलोची, शम्भु राणावत, महेश गौतम, नुसरत अली, मनीष मंत्री, रविन्द्र कुमार शर्मा, महावीर मुनिया, नंद लाल सैनी, पूर्व पार्षद पेंशु सिंह, नौरतमल गर्ग, रामकरण राठौर, नाथू लाल वैष्णव, शब्बीर भाई, महेन्द्र जैन सहित कई वरिष्ठ एवं पूर्व दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सतरंगी सप्ताह आज से, होंगी स्वीप की विभिन्न गतिविधियां

### ''हम भी नाचेंगे, गायेंगे, वोट डालने जरूर जायेंगे'' थीम पर किशोर सागर पर होगा कार्यक्रम

**कोटा।** लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाताओं की भागीदारी और सक्रियता बढ़ाने के लिए 17 से 23 अप्रेल तक सतरंगी सप्ताह आयोजित किया जाएगा। सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम प्रत्येक पोलिंग स्टेशन, विधानसभा निवार्चन क्षेत्र मुख्यालय स्तर, पंचायत समिति एवं जिला मुख्यालय पर आयोजन किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में सतरंगी सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लक्षित वर्ग अनुसार संयोजन किया जाएगा जिससे इसकी ब्रांडिग की जाकर कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके। सप्ताह के प्रत्येक दिवस के लिए इंद्रधनुष के रंगों के अनुसार कलर थीम निर्धारित की गई है। 17 अप्रेल को स्थानीय कलाकारों द्वारा फॉक डांस होगा जिसका स्लोगन ''हम भी नाचेंगे, गायेंगे, वोट डालने जरूर जायेंगे'' होगा। यह आयोजन सायं 6 बजे किशोर सागर तालाब की पाल पर किया जाएगा। इस दिन की थीम वाईलेट कलर होगी। 18 अप्रेल को श्रमिक, मजूदर एवं भिक्षुक द्वारा म्यूजिकल बैंड प्ले एवं वोटर प्लेज कार्यक्रम होगा जिसका स्लोगन ''अंगुली पर निशान, राष्ट्र के नाम'' तथा कलर थीम इण्डिगो होगी। यह कार्यक्रम श्रमिकों के एकत्रीकरण स्थानों पर प्रातः 7 से 8 बजे होगा। 19 अप्रेल को सर्विस वोटर्स राज्य कार्मिकों द्वारा वोकेथॉन कार्यक्रम होगा जिसका स्लोगन ''कर्तव्य पथ पर राष्ट्रहित में'' तथा कलर थीम ब्लू होगी। 20 अप्रेल को दिव्यांग मतदाताओं द्वारा ट्राई साईकिल रैली निकाली जाएगी जिसका स्लोगन ''हम भी सक्षम, राष्ट्र भी सक्षम''तथा कलर थीम ग्रीन होगी। 21 अप्रेल को यूथ वोटर्स, अरबन एपेथी द्वारा वोटर्स रैली एवं फ्लेश मोबाइल कार्यक्रम होगा जिसका स्लोगन ''मताधिकार का प्रयोग करेंगे, वोट करेंगे, वोट करेंगे'' तथा कलर थीम येलो होगी। 22 अप्रेल को महिला मतदाओं द्वारा महिला रंगोली एवं महिला मार्च का आयोजन किया जाएगा जिसका स्लोगन ''वोट करूंगी तभी तो बढूंगी'' तथा कलर थीम ऑरेंज होगी। 23 अप्रेल को एथिकल व इन्फोर्म्ड वोटिंग द्वारा वोट ट्री एवं दीपदान विश ट्री व लाइटिंग लेम्प का आयोजन किया जाएगा जिसका स्लोगन ''लालच पर होगी चोट सोच समझ कर करेंगे वोट'' होगा। इस दिन की कलर थीम रेड होगी।

# राजस्थान आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनी वर्कर्स यूनियन का अधिवेशन सम्पन्न



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** हिन्द मजदूर सभा से संलग्न राजस्थान आंगनबाड़ी आशासहयोगिनी वर्कर्स यूनियन का प्रथम वार्षिक अधिवेशन कोटा स्थित उमरावमल पुरोहित सभागार में आयोजितकिया गया। यूनियन के प्रथम अधिवेशन में कोटा संभाग की लगभग 500 से अधिक आशासहायोगिनियों महिलाओं ने भाग लिया।

यूनियन की संरक्षक तथा हिन्द मजदूर सभा की राष्ट्रीय सचिव चम्पा वर्मा ने बताया कि राजस्थान आंगनबाड़ी आशासहयोगिनी वर्कर्स यूनियन के प्रथम वार्षिक अधिवेशन का उदघाटन हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री कॉमरेड हरभजन सिंह सिद्धू ने किया। चम्पा वर्मा ने बताया कि राजस्थान आंगनबाड़ी आशासहयोगिनी वर्कर्स यूनियन जो कि हिन्द मजदूर सभा से सम्बद्ध यूनियन है, यूनियन की हमेशा से महिलाओं को सशक्तिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। आंगनबाड़ी में कार्यरत आशा सहयोगिनी को कार्यस्थल पर आने वाली समस्याओं से निजात दिलाने का प्रयास ही नहीं किया बल्कि संबंधित अधिकारियों से इनके अधिकारों को दिलवाने का भी प्रयास किया जा रहा है। आंगनबाडी में कार्यरत आशा सहयोगिनियों को मार्च 2022 में मेडीकल विभाग से जोड़ा उसके बाद 6 माह तक मानदेय नहीं आया था यूनियन के प्रयासों से इकट्ठा 6 महिने का मानदेय का भुगतान आशासहयोगिनियों को मिला।

आशासहयोगिनियों की मांग थी कि कार्य करने के लिये मोबाईल या मोबाईल डाटा दिलवाया जाये यूनियन के प्रयासों से आशा सहयोगिनियों को मोबाईल डाटा मिलना प्रारंभ हो गया है। पूर्व में आशासहयोगिनियों का वेतन समय पर नहीं मिलता था यूनियन के प्रयासों से समय पर मिलना प्रारंभ हो गया है।

यूनियन के प्रथम अधिवेशन को हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री कॉमरेड हरभजन सिंह सिद्धू ने संबोधित करते हुये कहा कि हिन्द मजदूर सभा की हमेशा से मांग रही है कि आंगनबाड़ी आशासहयोगिनियों को स्थाई कर्मचारी घोषित किया जाये, महगाई को देखते हुये न्यूनतम वेतन 26000 रूपये होना चाहिये, इनकी सेवानिवृति पर कम से कम 5 लाख से 10 लाख एक मुश्त धनराशि दी जाये। पेंशन या प्रतिमाह 10000 रूपये दिया जाये, चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को जो सुविधायें मिलती है वो सभी सुविधायें आशा सहयोगिनियों को भी मिले, कार्य व अनुभव के आधार पर प्रमोशन मिले। आशा सहयोगिनियों की सभी मांगों को भारत सरकार के समक्ष ज्ञापन सोंपा जायेगा तथा जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करवाने का प्रयास किया जायेगा।

यूनियन के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता कॉमरेड शकुन्तला गुप्ता ने की तथा संचालन रेणूका ने किया। अधिवेशन में मुख्य रूप से महामंत्री कवंलजीत, रूपकला शर्मा कोषाध्यक्ष मधुकांता, मधुबाला यादव, रेणू सक्सेना, फुलन्ता, हेमा चौधरी, पुषपा पारेता, रेहाना, मंजु चौहान, ममता शर्मा, ममता कवंर, ममता सिसोदिया, प्रतीभा सक्सेना रा.मंडी अध्यक्ष, ललिता किशनगंज अध्यक्ष, बूंदी की अध्यक्ष रेखा पाराशर, संगीता उपस्थित रही।

कार्यक्रम के अन्त में हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव सुश्री चम्पा वर्मा उपस्थित आशासहयोगिनियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# संभ्रांतजन मतदान के प्रति न रखें उदासीनता, प्रत्येक व्यक्ति लोकतंत्र की अहम कड़ी हैं- इलेक्शन आइकॉन



**बूंदी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बहादुर सिंह रोड स्थित वेणुनाद संगीत कला केंद्र के तत्वावधान में वरिष्ठजन व संभ्रांत मतदाता जागरूकता संगोष्ठी व परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आयोजन में सेवानिवृत्ति वरिष्ठजन सहित नव मतदाता युवाओं ने सहभागिता की। आयोजन में निर्वाचन विभाग के इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता बुजुर्ग महिला मतदाता रामचंद्री बाई ने की। कला केंद्र संस्थापक मांड गायिका उषा शर्मा, अग्रज लीडर बुद्धि प्रकाश पुंडीर, व्यवस्थापक नरेंद्र शर्मा मंचासीन रहे। संभागियों ने संगीतमय प्रस्तुतियों के बीच, जागरूकता सामग्री वितरण कर सकारात्मक मतदान वातावरण निर्माण का संकल्प लिया। गणगौर महोत्सव उदयपुर में सहभागिता कर लौटी मांड गायिका उषा शर्मा के अभिनंदन से शुरू हुए कार्यक्रम में इलेक्शन आईकॉन डॉ सर्वेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि शिक्षित संभ्रांत जन अधिकतर अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते और वोटिंग के प्रति उदासीनता बरतते हैं जबकि मजबूत लोकतंत्र निर्माण में उनका भी अहम योगदान है। तिवारी ने संभागियों को संबोधित करते हुए अव्वाहन किया कि वे जन जन तक यह बात पहुंचाये कि शिक्षित संभ्रांत नागरिक, कोठी, बंगले में रहने वाले व्यवसायी भी उत्साह से मतदान करे व सशक्त लोकतंत्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उषा शर्मा ने मांड गायन के साथ संगीत के स्वर द्वारा प्रत्येक वर्ग से मतदान करने की अपील की।

### आपन वोट देबा चालंगा भाईला

बुजुर्ग मतदाता रामचंद्री ने सभी मतदाताओं की कुशल कामना करते हुए कहा कि हर उम्र के मतदाता को वोट जरूर करना चाहिए ये जिम्मेदारी का काम है इसे जरूर ईमानदारी से निभाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ मतदाता महावीर सैन ने मतदान जागृति गीत आपन वोट देबा चालंगा भाईला यशवंत टेलर ने राष्ट्र के शरीर के श्रृंगार के लिए. की भव्य प्रस्तुति द्वारा वातावरण को जन चेतनाकारी स्वरूप प्रदान कर दिया।

# आतंकियों के लिए काल का रूप थे शहीद सुभाष शर्मा - जोशी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटा।** डिप्टी कमांडेंट शहीद सुभाष शर्मा पार्क विकास समिति की ओर से शहीद डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा की जयंती के उपलक्ष में शहीद सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। समिति की संरक्षक व शहीद सुभाष शर्मा की पत्नी वीरांगना बबिता शर्मा ने बताया कि 13 अप्रैल को शर्मा की जयंती व 16 अप्रैल को पुण्यतिथि।

वीरांगना ने बताया कि शहीद शर्मा की जयंती के उपलक्ष में पंजाब के पठानकोट के माधोपुर के बोर्डर पर स्थित शहीद सुभाष शर्मा पोस्ट पर वहां के 121 बटालियन के सीमा सुरक्षा बल कमांडेंट सुनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजन कर शहीद सुभाष को श्रद्धांजलि दी। जहां सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने शस्त्र उलटे कर, बिगुल की गौरवशाली धुन के साथ अमर बलिदानी सुभाष शर्मा को याद किया। तत्पश्चात शहीद की प्रतिमा पर वीरांगना बबिता शर्मा ने रीथ चढ़ा कर व सैल्यूट कर अपने बहादुर पति को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डीआईजी प्रभाकर जोशी, डीआईजी थपलियाल, कमांडेंट सुनिल कुमार मिश्र, कमांडेंट हिदम शुभोल सिंह, आईसी विनय डोगरा, मो. रंजिआलम डिप्टी कमांडेंट, तारादत् डिप्टी कमांडेंट, कुंवर रविन्द्र विक्की ( शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद), सिम्बल सरपंच सुरजीत सिंह, ढिण्डा सरपंच बलवान सिंह ने भी शहीद को रीथ चढ़ाई।

इस अवसर पर शहीद सुभाष शर्मा के अदम्य साहस व पराक्रम पर एक डाक्यूमेंट्री भी दिखाई, जिसमें उनके पुत्र कैप्टन क्षितिज जो अभी स्पेशल फोर्सेज में पैरा कमांडो है, को भी दर्शाया। इस मौके पर डीआईजी प्रभाकर जोशी ने कहा कि डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा जैसे जांबाज सैनिक देश और सीमा सुरक्षा बल के गौरव हैं। इनके बलिदान से हमारे जवान प्रेरणा लेकर राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए अपने अंदर हमेशा देश पर मर मिटने का जज्बा भरते रहेंगे।

डीआईजी जोशी ने कहा कि डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा आतंकियों के लिए काल का रूप थे और उन्होंने कई आतंकियों को मौत की नींद सुलाया था।

# एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण मे फरार वांछित आरोपी भागीरथ बंजारा गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया की आदर्श आचार संहिता एवं अपराध नियन्त्रण के निर्देशो की पालना मे उमा शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी के मार्गदर्शन मे व श्री आशीष भार्गव पुलिस उप अधीक्षक वृत के. पाटन के सुपरविजन मे थानाधिकारी थाना कापरेन कमल सिंह उ.नि. के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण मे वांछित फरार आरोपी भागीरथ बंजारा को गिरफ्तार करने में साफलता हासिल की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 24.02.2024 को बाबूलाल उप.नि. थानाधिकारी थाना के. पाटन जिला बून्दी मय जाप्ता मय जीप सरकारी चालक के दौराने गस्त व अवैध कार्यो की चैकिंग के नैनानी फार्म हाउस के पास मेगा हाईवे माल गामछ के पास से आरोपी गुरुदेव पुत्र लाला बंजारा उम40 साल निवासी लेसरदा बंजारो की झौपडिया थाना के. पाटन जिला बून्दी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम शुद्ध वजन 100 ग्राम पाया जाने पर जप्त कर आरोपी गुरुदेव को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया था। प्रकरण में घटना के बाद से ही आरोपी भागीरथ सकुनत से फरार चल रहा था जिसकी तलाश हेतु मुखबीर मामूर किये गये व तकनीकी साक्ष्य व आसूचना संकलन किया जाकर वांछित आरोपी भागीरथ बंजारा पुत्र विश्राम उम्र 40 साल निवासी सुवानियां जिला बैंगू चित्तौडगढ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

# मोखापाड़ा महिला मंडल ने मनाया गणगौर महोत्सव



**कोटा।** मोखापाड़ा स्थित लक्ष्मीनाथ जी मन्दिर पर गणगौर महिला मंडल द्वारा गणगौर का सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत गणेश स्थापना, हल्दी मेहंदी एवं बासन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतिम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीना शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहा महिलाओं द्वारा मनमोहक लोकगीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्रभा एवं नीता आचार्य ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाने पर महिला मंडल एवं मुख्य अतिथि का आभार जताया गया इस अवसर पर श्रीमती अनीता शर्मा, हंसा गौतम, मिथिलेश शर्मा ,सोनाली उपाध्याय, राधा शर्मा, मालती शर्मा, गोविंद कंवर, वैशाली राजावत, सुनीता कंवर, माधुरी शर्मा आदि उपस्थिति रही, कार्यक्रम का संचालन अंतिमा गौतम एवं ज्योति शर्मा ने किया।

# कन्या पूजन किया, छप्पन भोग लगाया, भंडारा आज



**कोटा।** वैष्णो देवी ज्योति मंदिर, दादाबाड़ी कोटा में नवरात्रि महोत्सव के तहत अष्टमी पर सुबह हवन, कन्या पूजन तथा ज्वारा विसर्जन किया गया। वहीं शाम को आरती के पश्चात छप्पन भोग का प्रसाद तथा मातारानी का श्रृंगार बांटा गया। प्रबंधक सनमीत सिंह बंटी ने बताया कि नवरात्र पर मंदिर में विशेष महाआरती एवं माता का दरबार विशेष रूप से सजाया गया है। प्रतिदिन मंदिर में दुर्गा सप्तशती पाठ, रामायण पाठ तथा शाम को महाआरती की जा रही है। आरती के बाद प्रसाद भी बांटा गया। राम नवमी पर बुधवार को माता का आम भंडारा किया जाएगा।



## अर्द्धसैनिक बलों और हरियाणा की इंडियन रिजर्व बटालियन के अधिकारियों व जवानों ने पैदल फ्लैग मार्च किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी कमल कुमार जांगिड के नेतृत्व में जिले में शांति पूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों की टुकडी द्वारा प्रतिदिन जिले के अलग अलग स्थानों, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर फ्लैग मार्च कराया जा रहा है और आमजन से भयमुक्त होकर मतदान का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने, आचार संहिता का सख्त पालन करने, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने और मतदाताओं को भय मुक्त करने के उद्देश्य से पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के अधिकारियों व जवानों ने कई वनरेबल व संवेदनशील मतदान केंद्रों पर रूट मार्च निकाल कर मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दे रही है। राजाखेड़ा, कोतवाली धौलपुर, मनियां, कौलारी थाना इलाकों में पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल एवं इंडिया रिजर्व बल के जवानों ने पैदल फ्लैग मार्च कर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की एवं सी विजिल एप के बारे में जागरूक किया।

## सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन दीपदान कार्यक्रम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने दीपों की आभा के बीच मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि 19 अप्रैल को लोकतंत्र के पर्व यानि मतदान से पूर्व प्रकाश पर्व मनाया गया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत सातवें दिन गांधी पार्क परिसर में मौजूद राजीविका महिलाओं एवं कॉलेज व स्कूली छात्राओं ने दीपदान करके सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन आमजन को प्रेरित करने के लिए दीपदान के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान की शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में लोकसभा आम चुनाव के लिए माकूल इंतजामात किए गए है। महिलाओं, दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान बूथ पर विशेष व्यवस्था की गई है।

उन्होंने मतदाता जागरूकता दीपदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब के लिए बड़े गौरव की बात है कि संपूर्ण विश्व में भारत के लोकतंत्र की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनायें। सभी अर्ह नागरिकों को अपना मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता की अलख घर-घर जगाने के लिए आप सभी मतदान हेतु आमजन को प्रेरित करें।

उन्होंने सतरंगी सप्ताह के दीपदान कार्यक्रम की सफलता पूर्वक कराये जाने पर महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मतदान करने के लिए जिले वासियों से अपील की। जिला स्वीप कोर्डिनेटर डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकतंत्र के महापर्व निर्वाचन में मतदान करके अपना फर्ज निभाना होगा, क्योंकि युवा पीढ़ी के हाथों में ही देश का भविष्य है। इस अवसर पर सीडीईओ कृष्णा कुमारी,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक महेश कुमार मंगल, राजीविका महिलाओं सहित स्कूली एवं कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहीं।



## जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय -विरौंधा में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत लोकतंत्र का महापर्व के बारे में अधिक से अधिक मतदान करने और उनमें निर्वाचन साक्षरता की जानकारी दिलाने हेतु प्रधानाचार्य एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नीरज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं साईकिल रैली का आयोजन किया गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) प्रभारी ओम प्रकाश लोधा व्याख्याता ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के सभी सदस्यों, मतदाताओं एवं छात्रों को स्वीप का अर्थ, स्वीप गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए लोगों में जन जागरुकता बहुत आवश्यक है। जितनी अधिक जन जागरुकता होगी। उतना ही अधिक लाभ मिलता है। देश में चलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ जन जागरुकता के कारण ही मिल पाता है। बिना जानकारी के अभाव में वंचित रह जाते हैं। लोधा ने बताया कि प्रथम चरण के अन्तर्गत राजस्थान के लोकसभा क्षेत्र करौली -धौलपुर-10 में 19 अप्रैल लोकसभा चुनाव- 2024 को मतदान दिवस है। इस दिवस पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं और ईएलसी के सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राजस्थान में लोकसभा सदस्यों की संख्या 25 है। जिसमें से करौली - धौलपुर-10 के नाम से लोकसभा सदस्य बनने के लिए आरक्षित सीट है। भारतीय लोकतंत्र में आस्था बनाये रखने के लिए एवं 19 अप्रैल -2024 मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं, बीएलओ को ई-शपथ दिलाई गई। ऋषि प्रकाश अग्रवाल व्याख्याता ने यूथ चला बूथ की ओर तथा मतदान से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी दी। बूढ़े या जवान, सभी करें मतदान। वोट डालने बूथ पर जाना है, सबको अपना फर्ज निभाना है। आदि विभिन्न स्लोगनों/नारों से साईकिल रैली आयोजित की गई। इसके माध्यम से विरौंधा ग्राम पंचायत में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर ऋषि प्रकाश अग्रवाल व्याख्याता, अहमद नवीं व्याख्याता, महेशचन्द लोधी, उदयभानुसिंह व्याख्याता, संजय शर्मा वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, हरिफूल व्याख्याता, प्रदीपकुमार, लोकेन्द्रसिंह, सत्यपाल सिंह चाहर, बीएलओ वीरेंद्र सिंह,अतेन्द्र गुर्जर,पवन कुमार, विनय कुमार शर्मा,स्नेहलता,अनीता शर्मा, राहुल शर्मा, राजकुमार शर्मा,रामहरी शर्मा, रिंकू, गजेन्द्र शर्मा एवं छात्र -छात्रा आदि उपस्थित रहे।



## छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर द्वारा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मतदाता जागरूक कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोर दानयाल धौलपुर में छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

जिसमें सेक्टर प्रभारी शिवदत्त शर्मा सुपरवाइजर उमेश कुमार कुशवाहा एवं रामनाथ अरेला बूथ लेवल अधिकारी महेश चंद्र त्यागी कपिल देव, अशोक मित्तल, जुगनू खींची, साधना गर्ग, तृप्ता राना, नीरू गुप्ता ,सुरेश चंद्र महावर, ताराचंद उपस्थित रहे इस मौके पर सेक्टर प्रभारी ने गांव में जाकर पुरुष एवम् महिला मतदाताओं को 19 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-शत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# लोकसभा आम चुनाव-2024 : मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी

### प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में आज शाम 6 बजे थमेगा प्रचार-प्रसार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति अवधि 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान

निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा। चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया है कि कोई भी राजनैतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं है, वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के पश्चात् नहीं ठहर सकता। यह भी निर्देश है कि राज्य की सुरक्षा कवच प्राप्त राजनैतिक व्यक्ति यदि निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता है तो वह अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद क्षेत्र में आवाजाही नहीं करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन निर्देशों की पालना निर्वाचन मशीनरी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश आयोग ने दिए हैं, जिसमें सामुदायिक केंद्रों, धर्मशालाओं आदि जहां पर बाहरी व्यक्तियों को ठहराया जाता है उनकी निगरानी करने, गेस्ट हाऊस/लॉज/होटलों में ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी/सत्यापन करने, बाहर से आने वाले वाहनों पर निगरानी रखने और इसके लिए चेक पोस्ट स्थापित करने और उनकी पहचान क्या है, सत्यापन करने की कार्यवाही भी शामिल है।



## नमो युवा चौपाल का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा धौलपुर द्वारा आज विधानसभा राजाखेड़ा के मंडल मांगरोल गांव बिचौला में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता एवं मोर्चा के संभाग संयोजक जयवीर पोसवाल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया ने की, वशिष्ठ अतिथि के रूप में अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष संजय कंसाना रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयवीर पोसवाल ने कहा की भारतीय जनता युवा मोर्चा संपूर्ण प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची के नेतृत्व में नमो युवा चौपाल युवा सम्मेलनों के माध्यम से मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता हर घर युवा साथियों से संपर्क कर रहे हैं इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा का मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवा गुर्जर, जिला मंत्री नीरज ठाकुर, कार्यालय मंत्री अनमोल बंसल, बलबीर गुर्जर, बंटी पहलवान, रवि गुर्जर, अवतार सिंह पोसवाल, हेमंत पोसवाल, देशराज पोसवाल, जितेंद्र गुर्जर, ओबीसी मोर्चा के मुरैना मंडल अध्यक्ष जगबीर गुर्जर सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अवैध हथियार के साथ दो युवक पकड़े

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखंड की वसई डांग थाना पुलिस ने थाने के कॉन्स्टेबिल को मिली मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वरीपुरा गांव के मोड से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जो अवैध लोडेड हथियार और कारतूस लेकर घूम रहे थे। गिरफ्त में आए दोनों युवकों के खिलाफ अब थाने पर मामला दर्ज करते हुए आर्म एक्ट में कार्रवाई की जा रही है। बसई डांग थाना अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों और अवैध हथियारों रखने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। ऐसे में अभियान के अंतर्गत मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। जरिये मुखबिर थाने के कांस्टेबल नरेंद्र सिंह को जानकारी मिली कि वरीपुरा गांव के पास दो युवक अवैध लोडेड हथियार और जिंदा कारतूस लेकर किसी वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। इस पर थाने के हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह,सूरजभान और कांस्टेबल कुमेंर सिह, सत्येंद्र, श्यामवीर, माधव, प्रदीपभान, विनोद कुमार,गौतम की टीम बनाकर मौके पर रवाना की गई। जिन्होंने वरीपुरा मोड़ से दो युवकों को जब पूछताछ के लिए रोकना चाहा तो वे भागने लगे। इस पर पुलिस ने भागते हुए युवकों को दबोच लिया। गिरफ्त में आए बदमाश बादल उर्फ पंकज पुत्र बच्चू सिंह गुर्जर और पवन पुत्र सुगरमन गुर्जर है जो वरीपुरा गांव के निवासी है।पुलिस ने बादल उर्फ़ पंकज से 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। वही पवन गुर्जर से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाने पर 33/2024 मामला दर्ज करते हुए आर्म एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

## माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**धौलपुर।** लोकसभा आम चुनाव में जिले के विशेष मतदान केंद्रों पर नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण सामान्य पर्यवेक्षक एमहरि जवाहरलाल की उपस्थिति में नगर परिषद सभागार धौलपुर में आयोजित किया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्देश देते हुए सामान्य पर्यवेक्षक ने मतदान प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखते हुए किसी भी विशेष घटना को तुरंत उन्हें सूचित करने को कहा। उन्होंने वोटिंग कंपार्टमेंट में किसी भी व्यक्ति के द्वारा बार-बार जाने या मतदाताओं को निर्देश देने, अनुपस्थित विस्थापित और मृत मतदाताओं की लिस्ट में से किसी वोटर के उपस्थित होने, मतदान अभिकर्ताओं की संचलन शीट में एंट्री पास सिस्टम का संधारण करने, वोटिंग मशीन की सीलिंग, मतदाता रजिस्टर में पहचान पत्रों की प्रविष्टि पर नजर रखते हुए अपनी रिपोर्टिंग निर्धारित प्रपत्र में किए जाने के निर्देश दिए। सामान्य पर्यवेक्षक ने चुनाव में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रशिक्षणार्थियों से मतदान अधिकारियों द्वारा मशीनों के नंबरों, पेपर सील के नंबर मतदान अभिकर्ताओं को देने तथा सीलिंग के समय उनके हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया के साथ पीठासीन अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रपत्रों पर उनके हस्ताक्षर करने को भी अपने निरीक्षण में देखने को कहा। इससे पूर्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट ने मतदान केंद्रों पर उनकी पहुंच सुनिश्चित करने, डिस्पैच सेंटर पर उनकी उपस्थिति तथा मतदान केंद्र पर मिलने वाली व्यवस्थाओं के साथ संग्रहण केंद्र पर अपने प्रपत्र को जमा करने हेतु लगाए गए काउंटर की जानकारी दी। उन्होंने मतदान दलों को निश्चित रूट चार्ट के अनुरूप सेक्टर मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदान केंद्र पर पुलिस स्टाफ के साथ पहुंचने के बारे में दिए गए निर्देशों को बताया। प्रशिक्षण में डीएलएमटी अतुल चौहान ने मतदान प्रक्रिया में प्रत्येक मतदान अधिकारी के कार्य, ईवीएम और वीवीपेट की सीलिंग, मॉक पोल, मतदाता रजिस्टर के संदर्भ तथा मशीनों को बदलते समय की जाने वाली कार्यवाही एवं पीठासीन अधिकारी की डायरी में समय-समय पर की जाने वाली प्रविष्टियों को बताया। इस अवसर पर 103 माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहे।



## सटटे की खाईवाली करते हुये एक सटोरिया गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरडा के निर्देशन मे एवं कमल कुमार जागिड अति. पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी, मनोज कुमार शर्मा अति. पुलिस अधीक्षक धौलपुर, तथा नरेन्द्र कुमार वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा के निकटतम सुपरवीजन मे पुलिस थाना सरमथुरा के नेतृत्व में पुलिस थाना सरमथुरा की सटटा अपराधियों के खिलाफ बडी कार्यवाही की। देर रात तक चली कार्यवाही के दौरान गौरव कुमार उनि) थानाधिकारी थाना सरमथुरा मय जाब्ता द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर सटटा अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए बरौली बस स्टैण्ड गांव बरौली से मुल्जिम रामचन्द्र पुत्र कल्यानसिह उम्र 30 साल जाति मीना निवासी बरौली थाना सरमथुरा को गिरफ्तार किया जाकर मुल्जिम से 81300/- रुपये सटटा राशि व सटटा उपकरण किये जब्त। जिस पर आरपीजीओ थाना सरमथुरा में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। भविष्य में भी अबैध जुआ सट्टा खेलने वाले अपराधियों व अबैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड का खिलाफ अभियान रहेगा जारी।



## संघठन की नींव की ईंट होते हैं विस्तारक - डॉ. मनोज शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** आज से लोकसभा चुनाव में मात्र दो दिन बचे है इन चुनावों में संगठनात्मक व्यवस्था के हिसाब से गृह त्यागी विस्तारक संगठन द्वारा निकाले जाते जो अपने घर परिवार को छोड़कर घर घर, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख और पूरी विधानसभा लोकसभा के चुनावों का सत्यापन करते हैं और संगठन को झूठ और सच से अवगत कराते हैं और चुनाव से 2 दिन पहले विस्तारकों की उस क्षेत्र से विदाई होती है ताकि वह अपने घर जाकर अपने मतदान का प्रयोग कर सकें ऐसे ग्रह त्यागी,संघर्ष शील, न्यायोचित विचारबान विस्तारको को लोकसभा पालक और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर विदाई दी गई।

विदाई समारोह में पूर्व राजाखेड़ा विधानसभा प्रभारी व करोली धौलपुर लोकसभा पालक डॉ.मनोज शर्मा ने कहा कि विस्तारक नींव की ईंट होते है जिनके ऊपर संघठनात्मक भवन का भार होता है और नए विधानसभा या लोकसभा क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना उनके लिए एक कठिन चुनौती होती है जिसको वह सहज स्वीकार कर संगठन के कार्यों को पूर्ण सफलता की ओर ले जाते हैं सम्पूर्ण समर्पण का नाम विस्तारक है विस्तारक हमारे परिवार के सदस्य है आज उनकी विदाई पर मेरा मन आह्लादित व भाव भिभोर है इसी कड़ी मैं संभाग के भाजपा मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने विस्तारकों के कार्यो को सराहनीय बताया। इस मौके पर गिरधारी सिंह, राजाखेड़ा से बलबीर सिंह रांजना, धौलपुर से पवन चौधरी, बसेड़ी से गजेंद्र सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, मरेना मंडल अध्यक्ष राम किशोर शर्मा, कार्यालय मंत्री नंद किशोर शुक्ला, लोकसभा सह प्रभारी मीडिया पंकज शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## पूर्व विधायक दलजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** लोकसभा चुनाव में राजस्थान में प्रथम और दूसरे चरण में चुनाव होने जा रहा है। ऐसे में करौली-धौलपुर लोकसभा सीट का चुनाव प्रथम चरण में 19 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसमें चुनाव प्रचार की अंतिम समय सीमा चल रही है। कल बुधवार 17 अप्रैल की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। ऐसे में अंतिम समय में पूर्व विधायक दलजीत सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को शहर में लोगों से संपर्क किया गया और अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। सब्जी मंडी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व विधायक दलजीत सिंह चीकू ने कांग्रेस पदाधिकारी की बैठक ली। जिसमें विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार के साथ ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना,शहर अध्यक्ष रामसेवक अजर के साथ महिला सेवादल की जिला अध्यक्ष आरती शिवहरे, रामअवतार शर्मा और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनकी मौजूदगी में पूर्व विधायक चिक्कू ने सभी को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

## फ्लैग मार्च निकाल लोगों से की भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बसेड़ी।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पुलिस व अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी द्वारा प्रतिदिन जिले के अलग-अलग स्थानों,संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर फ्लैग मार्च कराया जा रहा है और आमजन से भयमुक्त होकर मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को? नादनपुर थाना प्रभारी राजेंद्र गिरी के नेतृत्व में थाना इलाके के एक दर्जन से अधिक संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस व सीआईएसएफ बलों के जवानों द्वारा पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया और आमजन से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

## आईसर कैन्ट्रा को जब्त कर 66 पाडा व 8 पडिया कुल 74 पशु को मुक्त कराया

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा भा.पु.से. के निर्देशानुसार, एवम् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मनोज शर्मा के पर्यवेक्षण में एवम् वृताधिकारी, वृत शहर धौलपुर तपेन्द्र मीणा के निकटतम सुपरविजन में मन थानाधिकारी रामनरेश उ0नि0 के नेतृत्व मे थाना सदर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये सदर चौराहा जीटी रोड से आ से आईसर कैन्ट्रा नम्बर आरजे 11 जीए 9038 के अन्दर 66 पाडा व 8 पडिया कुल 74 पशुओं को क्रूरता पूर्वक ठूंस ठूंस कर भरकर ले जाते हुये कैन्ट्रा चालक मेवाराम पुत्र बाबूलाल जाति कुशवाह उम्र 35 साल निवासी झारपुरा थाना कोलारी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया जाकर 74 पशुओं को मुक्त कराया गया है एवं आईसर कैन्ट्रा नम्बर 11 जीए 9038 को जब्त कर पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 में कायम कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## संपादकीय

# संकल्प के सवाल

कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर 'मोदी की गारंटी' का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा।

बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें।

# बेरुखी छोड़कर किसानों की सुनवाई करे हुकूमत

**किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020-21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है। वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है।**

पंजाब और हरियाणा में, जो किसानों के विरोध का केंद्र है, आंदोलित किसान गांवों में सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक रहे हैं, जिससे भाजपा उम्मीदवारों को वोट मांगने में मुश्किल पैदा हो रही है। वे अक्सर कहते हैं- 'अगर आपने नई दिल्ली जाने का हमारा रास्ता रोका, तो हम अपने गांवों में आपकी एंट्री रोक देंगे।' इतना ही नहीं, हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला ने किसानों से गुजारिश की कि उन्हें उनके बेटे के गांवों में प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए। वहीं उन्होंने किसानों से कहा, 'भाजपा राज्य और केंद्र दोनों में सत्ता पर काबिज है। इसके अलावा, दुष्यंत ने लगातार कृषक समुदाय की वकालत की है, यहां तक ??कि हिसार से सांसद के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी।' साथ ही नैना चौटाला ने मसले को हल करने के लिए बातचीत में शामिल होने के लिए उनका स्वागत किया। हिसार के नारा, गामरा, खानपुर और सिंधर गांवों में प्रचार करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भाजपा के हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला को किसानों के एक समूह से भिड़ने के बाद एक गांव में एक सभा बीच में ही छोड़नी पड़ी और चुनाव संबंधी एक अन्य कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। सिरसा से चुनाव लड़ रहे अशोक तंवर को भी अपने प्रचार के दौरान किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है।

बीजेपी सांसद और रोहतक से उम्मीदवार अरविंद शर्मा को कोसली विधानसभा क्षेत्र के एक गांव से कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। उनके दौरों के कई वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से ग्रामीणों ने नेताओं के साथ धक्का-मुक्की और कटाक्ष किये, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई और कई स्थानों पर उम्मीदवारों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मिसाल के तौर पर, सोनीपत से उम्मीदवार मोहन लाल बडोली को जींद जिले में कुछ स्थानों पर इसी तरह का विरोध झेलना पड़ा। वहीं वीडियो क्लिप से पता चलता है कि कैसे गुस्साए किसानों की रणजीत चौटाला के साथ तीखी बहस हुई। कई नेताओं ने तो ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों को नजरअंदाज कर दिया जहां उन्हें विरोध होने का डर है। पड़ोसी पंजाब में, भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस को बठिंडा के पास रामपुरा फूल में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे, वहीं पुलिस के साथ झड़प हो गई। इसी तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पत्नी प्रणीत कौर को भी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू, जो अब अमृतसर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, को भी अपने चुनाव अभियान के दौरान नारेबाजी करने वाले किसानों का सामना करना पड़ा। वास्तव में, समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि किसानों ने करीब 60 गांवों में भाजपा उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक दिया है। किसान नेताओं का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उन वायदों के बारे में सवाल करने को कहा है जो अधूरे रह गए। उनका दावा है कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और कुछ हद तक राजस्थान में हो रहे हैं। कई गांवों में तो भाजपा प्रत्याशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बोर्ड लग गए हैं।

जहां भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों के आयोजन के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यानी आप को जिम्मेदार ठहरा रही है, वहीं आप उम्मीदवारों को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फसल में हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने पर किसान आम आदमी पार्टी के बठिंडा शहरी विधायक के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। जबकि भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों को कमतर आंक रही है, लेकिन उसे चिंता हो रही है कि यहां बन रही खिलाफत की गति यदि इन विरोध प्रदर्शनों को अन्य राज्यों तक फैलाती है, तो क्या यह सत्तारूढ़ पार्टी की जीत की संभावनाओं को रोकने में मददगार बनेगी।

किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020-21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है। वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है।

सबको मालूम है कि कृषि क्षेत्र लगातार गहरा रहे खेती के संकट से जूझ रहा है। लेकिन किसानों का गुस्सा काफी हद तक काहिली और निष्ठुरता के परिणामस्वरूप पैदा उदासीनता को लेकर है। हर चुनाव - चाहे राज्य स्तर पर हो या केंद्र स्तर पर ङ्क किसानों को लुभाने के लिए बहुत सारे वादे किए जाते हैं। साल 2014 में, यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि जब नरेंद्र मोदी ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने का वादा किया था, तो किसानों ने भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया था। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग द्वारा सुझाए गए एमएसपी नुस्खे का पालन करने की आवश्यकता पर स्पष्ट रूप से बात की थी। लेकिन, किसान यूनियनों का कहना है कि एक बार सत्ता में आने के बाद, सरकार ने वास्तव में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था जिसमें कहा गया कि एमएसपी को कानूनी बनाना संभव नहीं है क्योंकि यह बाजारों की व्यवस्था बिगाड़ देगा।

जिस तरह से तीन कथित 'काले' कृषि कानून पेश किए गए और फिर संसद के जरिये पारित किए गए, उससे भी किसान समुदाय नाराज है। लंबे समय तक चले विरोध के बाद आखिरकार कानूनों को वापस ले लिया गया। लेकिन अभी भी पिछले दरवाजे से इन कानूनों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। इससे भी बदतर, नई दिल्ली तक किसानों के मार्च को रोकने के लिए हाईवे की किलेबंदी के हालिया प्रयास, और आंदोलनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने से किसानों की पीड़ा बढ़ गयी है। गांवों में नेताओं की एंट्री रोककर किसान समूहों द्वारा की गयी प्रतिक्रिया उनके साथ हो रहे अनुचित व्यवहार पर बढ़ते आक्रोश का प्रतिबिंब है।

## आज का इतिहास

- जियोवान्नी वेराजानो ने 1524 में न्यूयॉर्क खाड़ी की खोज की।
- सर नेविले चैंबरलिन ने 1875 में स्नूकर का अविष्कार किया।
- चीन और जापान के बीच 1895 में शिमोनोसेकी का समझौता हुआ।
- कलकत्ता को 1899 में पनबिजली मिली।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1941 में यूगोस्लाविया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- सीरिया ने 1946 में फ्रांस से आजादी मिलने की घोषणा की।
- लीबिया, मिस्र और सीरिया ने 1971 में मिल कर यूनाइटेड अरब स्टेट बनाने के लिए संघ का गठन किया।
- सन 1977 में स्वतंत्रता पार्टी का जनता पार्टी में विलय।
- कनाडा ने 1982 में संविधान अपनाया।
- अमेरिका ने 1982 में नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- भारत ने 1983 में फ्रएसएलवी-3फ्र राकेट का प्रक्षेपण किया।
- सन 1986 में सिसली और नीदरलैंड देशों के बीच युद्ध की स्थिति को खत्म करने की घोषणा करते हुए शांति बहाल की।
- अंतरिक्ष यान फ्रएसटीएस-56फ्र डिस्कवरी 1993 में धरती पर वापस लौटा।
- पाकिस्तान में बाल मज़दूरी को समाप्त करने वाले युवा कार्यकर्ता इक़बाल मसीह की 1995 में हत्या हुई ।
- लगभग 55 वर्षों बाद 2003 में भारत-ब्रिटेन संसदीय मंच का गठन हुआ।
- 2014 के एशियाड के लिए 2007 में दक्षिण कोरिया को मेजबानी मिली।
- ब्राजील व भारत के बीच 2008 में चार महत्त्वपूर्ण संधी पर हस्ताक्षर किये गए।
- प्रसिद्ध कोलंबियाई उपन्यासकार ग्रैबिएल मार्क़ेज का 2014 में निधन।
- श्रीलंका के महानतम खिलाड़ी मुथैया मुरलीधरन का जन्म 1947 में हुआ।
- संत आसाराम बापू का जन्म 1941 को हुआ।
- भारत के बिलियर्ड्स और स्नूकर गीत सेठी का जन्म 1961 को हुआ।
- अंग्रेज़ प्राच्य विद्यापंडित और विधिशास्त्री तथा प्राचीन भारत संबंधी सांस्कृतिक अनुसंधानों के प्रारम्भकर्ता विलियम जोंस का 1794 में निधन।
- उड़िया भाषा और साहित्य के प्रमुख कवि राधानाथ राय का 1908 में निधन।
- भारत के समाज सुधारक वी. एस. श्रीनिवास शास्त्री का 1946 में निधन।
- भारत के द्वितीय राष्ट्पति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का 1975 में आज ही दिन निधन।
- राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे विष्णु कांत शास्त्री का 2005 में निधन हुआ।

# पूर्वोत्तर भारत कितना समर्थन देगा भाजपा को

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वह तैयार है लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है तो 25 सीटें भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है।

अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका अपवाद है और वहाँ भी गृह मंत्रालय कोई ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की 7 सिस्टर्स राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपने वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोक सभा की सीटें हैं लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है। क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है। इसकी लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाए हुए लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्य धारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहाँ के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबर्दस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला।

# उलझे समीकरणों के बीच संभव नहीं कामयाबी दोहराना

**इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा-ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी।**

राजस्थान में आसन्न लोकसभा चुनावों में भले राजनीतिक दल अपने-अपने दावे कर रहे हों, लेकिन स्थितियां पिछले आम चुनाव जैसी नहीं हैं। वह बात अलग है कि 2014 और 2019 में सभी 25 सीटों पर भाजपा ने कामयाबी हासिल की थी।

एक तरफ भाजपा राज्य में हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन चुनावी मैदान में उसकी राह पहले जितनी आसान भी नहीं है। ?इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने-सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है। राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को और 13 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। भाजपा के स्टार प्रचारक अपना मुख्य लक्ष्य राज्य के चार केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव, अलवर, बाड़मेर में कैलाश चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर में अर्जुन राम मेघवाल और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्रों में स्पीकर ओम बिरला पर केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा 25 में से 12 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। ये सीटें हैं बांसवाड़ा, झुंझुनू, टोंक-सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, नागौर, कोटा-बूंदी, जालौर, सीकर, दौसा, चूरू, अलवर और जयपुर। बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस असमंजस में है क्योंकि उसके उम्मीदवार अरविंद डामोर ने इंडिया ब्लॉक के भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के उम्मीदवार व राजस्थान में मौजूदा विधायक राजकुमार रोत के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। कांग्रेस और बीएपी दोनों पूरी तरह असमंजस में हैं कि क्या इंडिया गठबंधन के मानदंडों का पालन किया जाए या स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा जाए। भाजपा बाड़मेर, झुंझुनू, चूरू, नागौर और कोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मुश्किल स्थिति में है, जहां पार्टी को अपने पार्टी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के लिए कोटा-बूंदी सीट पर हैट्रिक लगाना आसान नहीं होगा। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल के पास बहुमत के साथ गुर्जर, मीना और अल्पसंख्यक वोट हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदरूनी समर्थन द्वारा बिरला की बेचैनी बढ़ा दी है।

इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा-ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी।

नागौर लोकसभा सीट एक अन्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है, जहां भाजपा के पूर्व गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, जो अब इंडिया ब्लॉक पार्टनर बन गए हैं, भाजपा की ज्योति मिर्धा, जो कांग्रेस से भाजपा में आई हैं, के लिए कड़ा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस से टिकट की उम्मीद कर रहे निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी (भाजपा) और कांग्रेस के उमेदाराम बेनीवाल के साथ बाड़मेर लोकसभा सीट को त्रिकोणीय बना दिया है। भाजपा के प्रमुख संत सुमेधानंद सरस्वती सीकर निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई-एम के इंडिया ब्लॉक पार्टनर अमराराम, जो कांग्रेस के खुले समर्थन वाले किसान नेता हैं और आसपास के जिलों श्रीगंगानगर और हनुमागढ़ के साथियों के खिलाफ कड़ा चुनावी अभियान चला रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए पिछले एक महीने से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जो जालोर सीट पर भाजपा के नए आरएसएस प्रमुख लुंबा राम चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैभव जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत, जो अब केंद्रीय मंत्री हैं, से 4 लाख वोटों के भारी अंतर से हार गए थे।

भाजपा की जयपुर-शहर सीट भाजपा के पूर्व मंत्री भंवर लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा के लिए आसान नहीं है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री और कद्दावर युवा नेता प्रताप सिंह खाचरियावास रोजाना सड़कों और शहर में घूम-घूमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

# प्रेम के बगैर नहीं उभरतीं रंगों की छटाएं

**दरअसल आज विश्व कला दिवस है और कला के बगैर जिंदगी की संपूर्णता के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। विभिन्न स्वरूपों में कला हर व्यक्ति में होती है, कोई अभिव्यक्त कर पाता है और कोई नहीं। गांव में गोबर से मांडना बनाना हो या फिर दिवाली पर रंगोली रचना, ये सब कला का ही स्वरूप है। मैं खुद जब पेंटिंग करने बैठता हूं या कोरे कागज पर कविता लिखने लगता हूं तो रचनाशीलता किस तरह मुखर हो उठती है, मुझे इसका भान भी नहीं रहता।**

मैं जब भी अपने दफ्तर में घुसता हूं तो मशहूर पेंटर सैयद हैदर रजा द्वारा बनाया गया एक रेखाचित्र बार-बार मेरा ध्यान खींचता है। उस पर लिखा वाक्य अनमोल है, 'बिन्दु' अतल शून्य की अनंत संभावनाएं, यह रेखाचित्र रजा साहब की याद तो दिलाता ही है, मेरे भीतर का कलाकार मचल उठता है। कैनवास पर कूची से खेलना और कविता के माध्यम से अभिव्यक्ति मुझे सुकून देता है। आप सोच रहे होंगे कि अचानक मैं पेंटिंग और कविता की बात क्यों करने लगा?

दरअसल आज विश्व कला दिवस है और कला के बगैर जिंदगी की संपूर्णता के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। विभिन्न स्वरूपों में कला हर व्यक्ति में होती है, कोई अभिव्यक्त कर पाता है और कोई नहीं। गांव में गोबर से मांडना बनाना हो या फिर दिवाली पर रंगोली रचना, ये सब कला का ही स्वरूप है। मैं खुद जब पेंटिंग करने बैठता हूं या कोरे कागज पर कविता लिखने लगता हूं तो रचनाशीलता किस तरह मुखर हो उठती है, मुझे इसका भान भी नहीं रहता। मैंने बहुत से कलाकारों को करीब से जाना है। कविवर सुरेश भट्ट की रचनाओं को पढ़िए तो अचंभित रह जाते हैं। कला हर बंधन से परे है, इसीलिए तो पेंटर मकबूल फिदा हुसैन पांडुरंग की आराधना के रंग में रंगे थे, अदृश्य को दृश्यमान बना देने की अनंत संभावनाएं कला में होती हैं।

वैसे ही जैसे शून्य के बायीं ओर अंक का आधार स्थापित होते ही उसका मूल्य बढ़ता चला जाता है। इसीलिए तो रजा साहब ने रेखाचित्र बनाते हुए लिखा 'बिन्दु' अतल शून्य की अनंत संभावनाएं, राजा रवि वर्मा ने कल्पना के आधार पर देवी-देवताओं के चित्र बनाए लेकिन आज वो चित्र सर्वमान्य हो चुके हैं। कला की असीम संभावनाओं को मैंने कोविड के दौर में महसूस भी किया, कोविड की भयावहता ने जब सभी को घर में कैद कर दिया तो मैं कोई अपवाद नहीं था। मैं जानता था कि अकेलापन व्यक्ति को खोखला कर सकता है इसलिए कोविड के उस पूरे दौर में मैंने पेंटिंग और काव्य रचना को अपना साथी बनाया, सामान्य दिनों में भी मैं कितना भी व्यस्त रहूं, पेंटिंग से किसी न किसी रूप में जुड़ा रहता हूं। कोविड शुरू होने से तीन महीने पहले मैंने देश के मशहूर पेंटिंग कलाकारों को ताड़ोबा के मनोरम अभयारण्य में एक सप्ताह के लिए एकत्रित किया था। हम सभी ने वहां प्रकृति के हर रंग को अपनी कूची से अभिव्यक्त किया। इन सबकी याद मैं आपको इसलिए दिला रहा हूं ताकि बता सकूं कि कला का जीवन में कितना महत्व है और हां कला का स्वरूप चाहे कुछ भी हो लेकिन उसका सीधा संबंध प्रेम से है। प्रेम के भाव न हों तो रंगों की छटाएं अभिव्यक्त हो ही नहीं सकती। कलाकार के लिए मन की शुद्धता, निर्मलता, दूरदृष्टि, ईमानदारी और क्षमा का भाव होना अत्यंत आवश्यक तत्व है। जिस तरह से हम मंदिर जाने के पहले पूजा की तैयारी करते हैं। वैसी ही जरूरत कला की अभिव्यक्ति में भी होती है। कला पूजन है, मेडिटेशन है। कोई कलाकार अपनी पेंटिंग आपको दिखा रहा हो तो उसकी आंखों में देखिएगा, पूजा जैसा भाव दिखाई देगा। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि कला की व्यापकता शायद उतनी ही है जितनी इस संपूर्ण ब्रह्मांड की। विज्ञान की तमाम उपलब्धियों के बावजूद हम अपनी सृष्टि को रेत के कण जितना भी नहीं जान पाए हैं। कला के क्षेत्र में भी यही बात कही जा सकती है, यदि हम केवल पेंटिंग की ही बात करें तो दुनिया में इतने सारे कलाकार हैं लेकिन विषय एक होने पर भी किसी की भी पेंटिंग किसी से नहीं मिलती। हर किसी के पास अपना नजारा और अपना नजरिया है। ऐसे भी उदाहरण मौजूद हैं कि कलाकार की किसी पेंटिंग का दृश्य कई सौ वर्षों बाद साकार हुआ है। कला दिवस जिन लिओनार्दो दा विंची के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, वे ऐसे ही एक महान कलाकार थे। उन्हें हम सब मोनालिसा की पेंटिंग के लिए जानते हैं जिसकी अलौकिक मुस्कान की कोई आज भी नकल नहीं कर पाया है। पेरिस के लुविरे संग्रहालय में मैंने 500 साल से ज्यादा पुरानी इस पेंटिंग को करीब से देखा है। ये पेंटिंग एक खास तरह के शीशे में रखी गई है जो न चमकती है और ऐसी है कि कभी टूटे नहीं।



## हैदराबाद-बेंगलुरु मैच में बने रिकॉर्ड 549 रन

# RCB ने दूसरी इनिंग में IPL का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, सबसे ज्यादा बाउंड्री लगीं

**मुंबई ● एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में सोमवार रात हुए हाई स्कोरिंग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को 25 रन से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। SRH ने 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। RCB ने दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 262 रन बनाए और टारगेट चेज करने में असफल रही।

मैच में कुल 549 रन बने, जो टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले SRH और MI के बीच मैच में 523 रन बने थे। SRH ने IPL का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया, टीम ने अपना ही 19 दिन पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। 27 मार्च को टीम ने MI के खिलाफ 277 रन बनाए थे।

वहीं, दूसरी इनिंग्स में RCB ने टी-20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने इसी सीजन MI के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। मैच में रनों के साथ ही सबसे ज्यादा बाउंड्री भी लगीं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने RCB के खिलाफ 22 सिक्स लगाकर एक IPL इनिंग्स में सबसे ज्यादा



छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। टीम ने RCB का रिकॉर्ड तोड़ा साल 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले में टीम ने 21 सिक्स लगाए थे। यह रिकॉर्ड भी बेंगलुरु में ही बना था।

**टी-20 क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर**

SRH ने RCB के खिलाफ प्रोफेशनल टी-20 क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने अफगानिस्तान का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2019 में अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ (278/3) बनाया था। इस मैच में हजरतुल्लाह जाजई ने 16 छक्कों की मदद से 162* रन बनाए थे। टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड नेपाल के नाम है। साल 2023 में ही नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ एशियन गेम्स में 314 रन बनाए थे।

**IPL का सबसे बड़ा स्कोर बना**

स्न्ञ्। ने IPL का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। RCB के खिलाफ टीम ने 287 रन बनाए। SRH ने अपना ही रिकॉर्ड महज 19 दिन में तोड़ दिया। इसी IPL में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम ने 277 रन बनाए थे। इससे पहले साल 2013 में RCB ने पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 263 रन बनाए थे। इसमें क्रिस गेल ने 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। गेल का IPL की एक इनिंग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड आज भी कायम है।

**रीस टॉपली ने किया IPL में तीसरा सबसे महंगा स्पेल**

RCB के गेंदबाज रीस टॉपली ने IPL में तीसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका। टॉपली ने 4 ओवर में कुल 68 रन दिए। IPL का सबसे महंगा स्पेल SRH के बसिल थंपी के नाम है। साल 2018 में SRH प्लेयर थंपी के खिलाफ RCB के बैटर्स ने 70 रन बनाए थे।

# RCB 10वें पर बरकरार, सिक्सर किंग बने क्लासन, कोहली टॉप स्कोरर



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 17वें सीजन में लीग स्टेज के 30 मैच खत्म हो चुके हैं। RCB 7 मैच खेलने वाली पहली टीम बनी, लेकिन टीम 6 मुकाबले हारकर पॉइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर है। दूसरी ओर बेंगलुरु को 25 रन से हराने के बावजूद सनराइजर्स नंबर-4 पर ही मौजूद है, हालांकि उनके 2 पॉइंट्स जरूर बढ़ गए।

SRH के हेनरिक क्लासन के 6 मैचों में सबसे ज्यादा 24 छक्के हो गए। वहीं RCB के विराट कोहली टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं।

**8 पॉइंट्स के साथ टॉप-4 में कायम SRH**

सोमवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया। SRH ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। RCB ने भी 7 विकेट खोकर 262 रन बना दिए, लेकिन टीम मैच नहीं जीत सकी।

SRH के अब 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार से 8 पॉइंट्स हो गए। टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। KKR और CSK के भी 8-8 पॉइंट्स ही हैं, लेकिन खराब रन रेट के कारण हैदराबाद इनसे नीचे हैं।

RCB को 7 मैचों में एकमात्र जीत पंजाब किंग्स के खिलाफ होमग्राउंड पर मिली थी। इस जीत के 2 पॉइंट्स लेकर भी टीम 10वें नंबर पर ही कायम है। अब टीम को क्वालिफाई करने के लिए सभी मैच जीतने ही होंगे।

**ऑरेंज कैप अब भी विराट के पास**

RCB के विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में अब भी सबसे आगे हैं। उनके नाम 7 मैचों में 361 रन हैं। SRH के हेनरिक क्लासन 253 रन के साथ छठे नंबर पर पहुंच गए। आज RR के रियान पराग 78 और संजू सैमसन 96 रन बनाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

# किसी कमेंटेटर को इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते कभी नहीं देखा, कार्तिक के मुरीद हुए पीटरसन



**मुंबई ● एजेंसी**

अनुभवी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी 83 रनों की उल्लेखनीय पारी से प्रशंसकों और साथी क्रिकेटरों को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्तिक ने 35 गेंदों पर विस्फोटक 83 रन बनाए जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी ने केविन पीटरसन को उनका मुरीद बना दिया। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने केविन पीटरसन कार्तिक के प्रदर्शन से खासे प्रभावित दिखे। अपनी कमेंट्री के दौरान पीटरसन ने कहा, %कभी किसी कमेंटेटर को इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते नहीं देखा।% कार्तिक ने एक खिलाड़ी और एक कमेंटेटर दोनों के रूप में दोहरी भूमिका निभाई है। क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी पीटरसन की यह सराहना कार्तिक की स्थायी प्रतिभा और अनुकूलनशीलता के बारे में बहुत कुछ कहती है। मैच की बात करें तो बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबले में आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा रन बने। हैदराबाद ने पहले खेलते हुए ट्रेविस हेड के शतक, हेनरिक क्लासेन के अर्धशतकों की मदद से 287 रन बनाए थे। जवाब में अरसीबी की टीम 7 विकेट खोकर 262 रन ही बना पाई और 25 रन से मुकाबला गंवा दिया। दोनों टीमों ने कुल 549 रन बनाए जोकि नया रिकॉर्ड भी है। इस हार के साथ ही बेंगलुरु के लिए प्लेऑफ में जाने की उम्मीदें धुंधली हो गई हैं। वहीं, हैदराबाद 6 मैचों में 4 जीत के साथ अंक तालिका में टॉप 5 में आ गई है।

# ग्लेन मैक्सवेल ने बीच IPL में लिया ब्रेक: बोले-मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होने के बाद करेंगे वापसी

**मुंबई ● एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने IPL 2024 से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया है। हालांकि, वह कब तक वापसी करेंगे, यह स्पष्ट नहीं है। मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को रेस्ट देने के लिए ऐसा किया है।

**शुरुआती मैचों में मैक्सवेल का प्रदर्शन बेहतर नहीं**

मैक्सवेल का IPL 2024 में अब तक खेले मैचों में प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है। उन्होंने इस सीजन के खेले 6 पारियों में केवल 32 रन बनाए, जिसमें तीन बार वह जीरो पर आउट हुए। हालांकि, IPL में आने से पहले वह जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने पिछले साल के नंवबर से IPL शुरू होने तक खेले 17 टी-20 मैचों में 42.46 की औसत और185.85 स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो शतक भी लगाए थे।

**SRH के खिलाफ खुद को प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का किया अनुरोध**

IPL के शुरुआती मैचों में खराब प्रदर्शन की वजह



से ही उन्होंने सोमवार को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच से खुद को बाहर कर लिया था। ग्लेन मैक्सवेल ने बताया कि उन्होंने सनराइजर्स के खिलाफ मैच से खुद ही हटने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वो सकारात्मक योगदान नहीं दे पा रहे हैं। मैक्सवेल ने कहा, शुरुआती मैचों में मेरा प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा। ऐसे में ये फैसला लेना मेरे लिए आसान था। मैंने पिछले मैच के बाद कप्तान फाफ डु पलेसिस और कोचों से बात की और कहा कि किसी और खिलाड़ी को मौका देना चाहिए। मैं पहले भी ऐसी स्थिति में रहा हूं, जहां आप खेलते रहते हैं और खुद को और मुश्किल में डाल लेते हैं। अभी यही सही समय है कि मैं खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से आराम दूं।

**किसी और को मौका देना सही**

मैक्सवेल ने आगे कहा कि टीम के प्रदर्शन को देखते हुए ये फैसला आसान था। हमारी टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर रही है। मेरा खुद का प्रदर्शन भी टीम के प्रदर्शन को ही दर्शाता है। पावरप्ले और बीच के ओवरों में हम पिछले कुछ सीजन में काफी अच्छा प्रदर्शन करते थे, लेकिन इस बार काफी कमी रह गई है। मुझे लगा कि मैं पॉजिटिव योगदान नहीं दे पा रहा हूं। उसे देखते हुए किसी और खिलाड़ी को मौका देना सही होगा। उम्मीद है कि कोई नया खिलाड़ी इस जगह पर अच्छा प्रदर्शन कर पाएगा।

**लीग में वापसी की पूरी उम्मीद**

ग्लेन मैक्सवेल को उम्मीद है कि जल्दी वह मानसिक और शारीरिक रूप से फिर से IPL में खेलने के लिए तैयार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट से पहले के 6 महीने मेरे क्रिकेट करियर के सबसे बेहतरीन महीनों में से थे। इसलिए ये निराशाजनक है कि चीजें ऐसी हो गईं।

## मोहन बागान ने पहली बार ISL लीग शील्ड जीती

# लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी FC को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग (ISL) 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी FC को 2-1 से हराया।

इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया। मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।

**मोहन बागान 15 जीत के साथ 48 पॉइंट लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर**



मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया।

वहीं मुम्बई सिटी FC 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

**हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे**

मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।

**दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक-एक गोल किया**

दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी स्न्ष्ट को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया।

आखिरी दो मिनट में मोहन बागान को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा

## व्यापार

# सोना ऑलटाइम हाई, 10 ग्राम की कीमत रूपए 73,514

## ईरान-इजराइल टकराव से 16 दिन में दाम रूपए 4,550 बढ़े, इस साल अब तक रूपए 10,212 महंगा हुआ

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

सोने ने 16 अप्रैल को नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, मंगलवार को 10 ग्राम सोना 701 रुपए महंगा होकर 73,514 रुपए का हो गया है। 1 अप्रैल को इजराइल-ईरान तनाव शुरू हुआ था तब से 16 दिन में सोने के दाम 4,550 रुपए बढ़ गए हैं।

चांदी में भी आज तेजी देखने को मिली है। एक किलो चांदी का भाव 180 रुपए बढ़कर 83,632 रुपए हो गया है। इससे पहले 12 अप्रैल को चांदी ने 83,819 रुपए का हाई बनाया था। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

### सिर्फ 15 दिन में ही सोना 4,550 रुपए महंगा हुआ

इजराइल-ईरान तनाव 1 अप्रैल को शुरू हुआ था। तब सोने की कीमत 68,964 पर था। वहीं अब यानी 16 अप्रैल को ये 1 जनवरी को इसकी कीमत 73,514 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। यानी सिर्फ 15 दिनों में ही 4,550 रुपए महंगा हो चुका है। इजराइल-ईरान तनाव के चलते सोने में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है।

### बीते सालों में हुई जंग और मंदी में सोने-चांदी का क्या ट्रेंड रहा हैरूपए

जंग के दौरान सोने की कीमतों में हमेशा उछाल देखा गया है। 1990-91 के दौरान गल्फ वॉर के दौरान सोने की कीमतों में उछाल आया था, लेकिन यह शॉर्ट टर्म था। इसी तरह 2003 में इराक युद्ध के दौरान सोने की कीमतों में तेजी आई थी।

कोरोना महामारी के कारण भारत




समेत अन्य देशों में मार्च 2020 में लॉकडाउन लगा था। तब 10 ग्राम सोने के दाम 41,000 रुपए के करीब थे। अगस्त तक दाम बढ़कर 55,000 के करीब तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट आई थी और दाम 50,000 से नीचे आ गए थे। रूस-यूक्रेन जंग के समय भी सोने में तेजी आई। 24 फरवरी 2022 को रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था। 7 मार्च 2022 को सोने की कीमतों में लगभग रूपए 1000/10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई। 22 कैरेट सोने की कीमत रूपए 49,400/10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमत रूपए 53,890/10 ग्राम हो गई। इजराइल-हमास जंग 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी। तब सोने की कीमत 57,000 के करीब थी। 1 नवंबर तक कीमत बढ़कर 61,000 के करीब पहुंच गई। वहीं 1 जनवरी को कीमत 63,000 और अब 10 ग्राम सोने की कीमत 73,500 के पार पहुंच गई है।

### सोना 75 हजार और चांदी 1 लाख तक पहुंच सकती है

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि अगले कुछ महीनों तक चांदी में तेजी देखने को मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम चांदी में निवेश करने की सलाह देते हैं और मीडियम से लंबी अवधि में 92,000 रुपए और उसके बाद 1 लाख रुपए पहुंच सकता है। फर्म ने 75,000 रुपए की तरफ होने वाली गिरावट पर और निवेश की सलाह दी है।

### साढ़े 3 महीने में 10,212 रुपए बढ़े सोने के दाम

इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 10,212 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। ये 63,302 रुपए प्रति ग्राम से 73,514 रुपए पर पहुंच गया। वहीं चांदी भी 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से 83,632 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

### युद्ध या मंदी जैसी स्थिति में सोने-चांदी की कीमतें क्यों बढ़ जाती हैं

कोई भी जंग जियोपॉलिटिकल इक्वेशन्स खराब कर सकती है। ग्लोबल सप्लाई चेन बाधित कर सकती है, महंगाई बढ़ा सकती है और फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट में लोगों के भरोसे को कम कर सकती है। ऐसे में कई लोग और यहां तक कि सरकारें भी पोर्टफोलियो में गोल्ड बढ़ाते हैं। डिमांड बढ़ने से दामों में तेजी आती है

# टेस्ला में 10% एम्प्लॉईज की होगी छंटनीः कंपनी की ग्लोबल वर्कफोर्स में से 15,000 से ज्यादा एम्प्लॉईज की जा सकती है नौकरी

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) बनाने वाली कंपनी टेस्ला अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स में से 10% से ज्यादा एम्प्लॉईज की छंटनी कर सकती है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट इलेक्ट्रेक ने यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल की डिमांड में मंदी से जूझ रही है, जिसके चलते जल्द ही छंटनी का फैसला लिया जा सकता है।

दिसंबर 2023 तक ग्लोबल लेवल पर कंपनी में 1,40,473 एम्प्लॉईज थे, 15,000 की छंटनी होगी

मार्केट वैल्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमेकर की लेटेस्ट एनुअल रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2023 तक ग्लोबल लेवल पर कंपनी में 1,40,473 एम्प्लॉईज थे। कंपनी की इस छंटनी से लगभग 15,000 एम्प्लॉईज की नौकरी जा सकती है।

**लागत में कटौती और प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए कंपनी के हर पहलू पर गौर करना जरूरी: मस्क**




रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला के CEO एलन मस्क ने एम्प्लॉईज को भेजे गए एक ईमेल में कहा कि कुछ एरिया में रोल्स और जॉब फंक्शन के दोहराव के चलते यह फैसला किया गया है।

इंटरनल मेमो में मस्क ने कहा कि हम कंपनी को ग्रोथ के अपने अगले फेज के लिए तैयार कर रहे हैं, लागत में कटौती और प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए कंपनी के हर पहलू पर गौर करना बेहद जरूरी है।

मस्क ने कहा कि इस प्रयास के हिस्से के रूप में हमने ऑर्गेनाइजेशन की गहन समीक्षा की है और ग्लोबल लेवल पर हमारे एम्प्लॉईज की संख्या को 10% से ज्यादा कम करने का कठिन फैसला किया है।

**पिछले कुछ महीनों में टेस्ला ने मैनेजमेंट से क्रिटिकल टीम मेंबर्स की पहचान करने को कहा है**

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में टेस्ला ने मैनेजमेंट से क्रिटिकल टीम मेंबर्स की पहचान करने को कहा है। साथ ही कुछ स्टॉक रिवॉर्ड्स रोक दिए गए और कुछ एम्प्लॉईज की एनुअल रिव्यू रद्द कर दी गई है।

**कंपनी ने पहली तिमाही में व्हीकल डिलीवरी में गिरावट दर्ज की है**

टेस्ला 23 अप्रैल को अपनी तिमाही अर्निंग रिपोर्ट जारी करने वाली है। कंपनी ने पहली तिमाही में व्हीकल डिलीवरी में गिरावट दर्ज की है। ऐसा लगभग चार सालों में पहली बार हुआ है और यह बाजार की उम्मीदों से भी कम है।

इस बीच, कंपनी ने जनता के लिए सस्ती EV बनाने का अपना प्लान भी रद्द कर दिया है। इस साल टेस्ला के शेयरों में 31% की गिरावट आई है, जो एसएंडपी 500 इंडेक्स में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले शेयरों में से एक है।

# थोक महंगाई दर बढ़कर 0.53% हुई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की थोक महंगाई मार्च में बढ़कर 0.53% हो गई है। महंगाई का ये बीते 3 महीने का उच्चतम स्तर है। फरवरी में थोक महंगाई 0.20% और जनवरी में 0.27% रही थी। थोक महंगाई में ये तेजी खाने-पीने के सामानों के दाम बढ़ने से आई है। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने सोमवार (15 अप्रैल) को डेटा रिलीज कर इस बात की जानकारी दी।

एक साल पहले यानी मार्च 2023 की बात करें तो थोक महंगाई तब 1.34% रही थी। वहीं अप्रैल 2023 से लेकर अक्टूबर 2023 तक महंगाई निगेटिव जोन में रही थी। अप्रैल में महंगाई -0.92% तो अक्टूबर में -0.52% रही थी।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावटः सेंसेक्स 680 पॉइंट्स से ज्यादा नीचे आया, निफ्टी भी करीब 180 अंक टूटा

मुंबई शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 680 अंक से ज्यादा गिरकर 72,710 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी में भी करीब 180 अंक की गिरावट है, ये 22,090 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट रही और सिर्फ 4 में तेजी देखने को मिली। आज पावर, बैंकिंग और IT शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। सोमवार यानी 15 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 845 अंक की गिरावट के साथ 73,399 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 246 अंक की गिरावट रही थी, ये 22,272 के स्तर पर बंद हुआ था।

**बाजार में गिरावट के 3 कारण**

* इजराइल-हमास युद्ध के बाद अब ईरान और इजराइल में तनाव के कारण जियो टेंशन फिर बढ़ने लगी हैं।
* बाजारों में तेज रैली के बाद लोग कुछ प्रॉफिट बुकिंग कर रहे हैं। मिड और स्मॉल कैप ओवरवैल्यूड हो गए हैं।
* कमजोर ग्लोबल संकेतों ने बाजार को नीचे खींचा है। स सहित अन्य बाजार में भी कल करीब 1% की गिरावट रही।

# रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो परः डॉलर के मुकाबले 9 पैसे गिरकर 83.53 पर आया, इससे विदेशी चीजें खरीदना होगा महंगा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

रुपया अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर पहुंच गया है। आज यानी 16 अप्रैल को इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 9 पैसे की गिरावट देखने को मिली और यह 83.53 रुपए प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 22 मार्च 2024 को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.45 के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था।

एक्सपर्ट्स के अनुसार इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण अमेरिकी डॉलर को सपोर्ट मिल रहा है। इसके अलावा कच्चे तेल के दामों में तेजी से भी डॉलर को मजबूती मिल रही है। रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इंपोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाते थे। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 83.53 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना और खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।

**करेंसी की कीमत कैसे तय होती है?**

डॉलर की तुलना में किसी भी अन्य करेंसी की वैल्यू



घटे तो उसे मुद्रा का गिरना, टूटना, कमजोर होना कहते हैं। अंग्रेजी में इसे करेंसी डेप्रिसिएशन कहते हैं। हर देश के पास फॉरेन करेंसी रिजर्व होता है, जिससे वह इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन करता है। फॉरेन रिजर्व के घटने और बढ़ने का असर करेंसी की कीमत पर दिखता है।

भारत के फॉरेन रिजर्व में डॉलर और अमेरिका के फॉरेन रिजर्व में रुपए का जो भंडार होगा अगर उसका मूल्य बराबर हो तो रुपए की कीमत स्थिर रहेगी। हमारे पास डॉलर घटे तो रुपया कमजोर होगा, बढ़े तो रुपया मजबूत होगा। इसे

# भारत विकास परिषद की ओर से अस्पताल को पंखे भेंट



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर।** भारत विकास परिषद सचिव रामप्रताप सिंह चौहान ने बताया कि अत्यंत हर्ष का विषय है भयंकर गर्मी के होते हॉस्पिटल की डिमांड पर हमारे भारत विकास परिषद् परिवार ने मरीजों की परेशानी को देखते हुए आज 15पंखे जनरल हॉस्पिटल सवाईमाधोपुर को सप्रेम भेंट किये इस अवसर पर पी एम ओ डॉ अश्वनी सक्सेना, डॉ अंजनी, डॉ प्रियंका, डॉ गौरवचन्द्रवंशी, सचिव राम प्रताप सिंह, अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष कपिल, दानवीर राजेश गर्ग, मनीष गोयल, विपिन अग्रवाल, राजेन्द्र मथुरिया, शिवम शर्मा,लोकेन्द्र जैन,दीपक जैन,रक्तदान प्रभारी दीपिका सिंह, रत्नाकर गोयल, डॉ सुशील गोयल आदि उपस्थित रहे भारत विकास परिषद् मानटाऊन सभी का आभार प्रगट करती है।

# हंसेरा गांव में बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हुए लोग



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**लूणकरणसर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी योजनाओं, देश की सुरक्षा नीतियों व सबका-साथ, सबका विकास जैसी नीतियों से प्रभावित होकर लूणकरणसर के हंसेरा गांव के दर्जनो लोगों ने भाजपा का दामन थामा। बद्री राम शर्मा, नानूराम आचार्य,संतू दास स्वामी, चुनाराम नाई, सूरज नाथ सिद्ध, मूल नाथ सिद्ध, किस्तुरनाथ, मामराज नाथ , भीखनाथ, शंकरनाथ, जगदीश नाथ, गिरधारीनाथ, दाननाथ सिद्ध,रेवंत कुम्हार, लूणाराम कुम्हार , बुधराम आचार्य,हेतराम आचार्य आदि ने अपने पूरे परिवार सहित भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया। इस अवसर पर प्रधान कानाराम गोदारा ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए सभी कार्यकर्त्ताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसका छोटे से छोटा कार्यकर्ता बड़े से बड़े पद पर पहुंच सकता है। इस मौके पर लूणकरणसर मंडल अध्यक्ष मालदास स्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता व गांववासी मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी का वीसी के जरिये ग्राम विकास अधिकारी और मनरेगा मेट से संवाद



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** मजबूत लोकतंत्र के लिए लोकसभा चुनाव में मतदान में वृद्धि करने तथा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओ की व्यवस्थाओ हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी जिले भर के खंड विकास अधिकारी , ग्राम विकास अधिकारी, मनरेगा मेट के साथ वर्चुअल संवाद किया । इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा हमारा उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को सुगम और सहज बनाते हुए समाज के सभी वर्गो को जोड़ कर मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी करना है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए छाया, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही मतदान केंद्र पर लगने वाली कतार में कुछ कुर्सियां भी रखें ताकि आवश्यकता होने पर बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिलाएं बैठ कर कुछ देर विश्राम कर सकें। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक कक्ष चिन्हित करें जिसका उपयोग बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिलाएं विश्राम के लिए कर सकें।

उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों के माध्यम से ग्राम विकास अधिकारियों के परिचय प्रत्र जारी करने के निर्देश दिए जिससे की मतदान दिवस पर उन्हें आवागमन में परेशानी ना हो। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा मेट को मतदान मोटिवेटर बनाएं। सभी मनरेगा श्रमिक शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। सभी समन्वित प्रयास करके मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्य करें। इस दौरान सभी उपखंड अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, मनरेगा मेट वीसी के जरिए जुड़े।

# समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत दलहन-तिलहन खरीद की पंजीयन सीमा 10 प्रतिशत बढ़ाई

**जयपुर।** प्रबन्ध निदेशक, राजफैड़ ने बतलाया कि राज्य में दलहन-तिलहन (चना, सरसों) की खरीद के लिए कृषक पंजीयन की सीमा को 10 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इस निर्णय से चने, सरसों के लिए कुल 68386 किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। बढ़ी हुई पंजीयन सीमा का लाभ किसान दिनांक 18 अप्रेल 2024 से प्राप्त कर सकेगें। प्रबन्ध निदेशक राजफैड़ एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियॉ द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सरसों खरीद हेतु 14,61,028 मै.टन एवं चना खरीद हेतु 4,52,365 मै.टन के लक्ष्य स्वीकृत किये गये है। आज प्रातः तक राज्य में सरसों के 2 लाख 52 हजार 319 एवं चने के 33 हजार 282 कुल 2 लाख 85 हजार 601 पंजीयन हो चुके है। सरसों विक्रय हेतु 52547 को एवं चना विक्रय हेतु 13877 कुल 66424 किसानों को दिनांक आवंटित की जाकर 20675 किसानों से लगभग 44665 मै.टन सरसों-चना राशि 252 करोड़ रुपये का क्रय किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा सरसों-चना का घोषित समर्थन मूल्य क्रमशः 5650 एवं 5440 का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किसान भाईयों से यह भी अनुरोध है कि वह संबंधित क्रय केन्द्र/ई-मित्र के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों सहित यथा (गिरदावरी, बैंक पासबुक, जन-आधार कार्ड) पंजीयन शीघ्र करवायें ताकि उन्हें जिन्स तुलाई हेतु प्राथमिकता पर दिनांक आवंटित की जा सके।

# भारत की शक्ति का लोहा पूरी दुनिया मान रही - हीरालाल नागर

## भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में बोले ऊर्जा मंत्री

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटा/कनवास।** भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन मंगलवार को कूंकड़ाखेड़ी हनुमान मंदिर धूलेट पर आयोजित किया गया। सम्मेलन को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला को वोट एवं समर्थन देने की अपील की। इस दौरान हीरालाल नागर ने कहा कि दुर्गाष्टमी पर पूरा देश शक्ति की आराधना कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भी देश शक्ति की ही आराधना कर रहा है। भारत की शक्ति का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को सशक्त करने के लिए भी अनेक योजनाएं चलाई हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी शक्ति का समाप्त करने की बात कर रहे हैं। इण्डी गठबंधन के चुनाव घोषणा पत्र में परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात कही गई है। जो कि देश को कमजोर करने का षडयंत्र है। हीरालाल नागर ने कहा कि देश में माताओं-बहनों और बेटियों के उत्थान के लिए पीएम मोदी इस कदर समर्पित हैं, उनकी ज्यादातर योजनाओं के मूल में इन्हीं का उत्थान समाहित होता है। आज जन धन योजना से लेकर उज्जवला योजना तक, मुद्रा योजना से लेकर वोकल फॉर लोकल तक पीएम मोदी की योजनाओं से महिलाओं का जीवन आसान हुआ है। साथ ही, महिलाएं अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। पीएम मोदी की पहल से उज्जवला योजना, नल जल योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, मातृत्व वंदना योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना आदि योजनाएं शुरू की गई जिससे महिलाएं लाभान्वित हुई। मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए मातृत्व अवकाश को 12 हफ्तों से बढ़ाकर 26 हफ्ते किया, वर्क प्लेस पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए। बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों पर फांसी जैसी सजा का प्रावधान किया।

पीएम मोदी की पहल से पहली बार देश को महिला आदिवासी राष्ट्रपति मिली है। हीरालाल नागर ने कहा कि ओम बिरला के प्रयासों से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कौशल प्रशिक्षण, सिलाई मशीन वितरण, लखपति दीदी योजना जैसे कई कार्य किए गए। ओम बिरला ने लखपति दीदी टिफिन विद दीदी जैसी पहल कर महिलाओं में आत्मविश्वास भरने का काम किया है। सुपोषित मां अभियान तो देशभर में प्रेरक बन गया है। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य ओम मेहता, नरेंद्र मोहन गौतम, कौशल सोनी, त्रिलोक विजय, पूर्व सरपंच दुर्गालाल गुर्जर, पूर्व एससी मोर्चा अध्यक्ष धनराज बैरवा, मंडल अध्यक्ष विष्णु मालव, एसटी मोर्चा अध्यक्ष धनराज मीना, महावीर मेरोठा, नरोत्तम शर्मा, पूर्व सरपंच शिवराज नागर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश राठौर उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया है महिलाओं का मान - अर्चना मीना

## देश की बहनों के लिए प्रधानमंत्री द्वारा भेंट की गई योजनाओं पर आधारित 'बहनों के भाई नरेंद्र मोदी पुस्तक' का हुआ लोकार्पण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाईमाधोपुर।** जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अर्चना मीना द्वारा संकलित बहनों के भाई नरेंद्र मोदी पुस्तक का लोकार्पण किया गया। सम्मेलन में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए स्वावलंबी भारत अभियान की अखिल भारतीय सह-समन्वयक एवं स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय सह-महिला प्रमुख अर्चना मीना ने कहा कि स्त्री सर्व शक्तिमान है, बहती धारा का वेग बदल देने की उसमें शक्ति भी है और साहस भी। इसी लिये देश के हितार्थ प्राचीन काल से महिलाएँ सदैव अति महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका में रही हैं। चुनाव देश के उज्ज्वल भविष्य, उन्नति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने की बागडोर देशवासियों के हाथ में सौंपने का समय है। योग्य को चुनने और अयोग्य को नकारने का समय है और इसमें मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। अर्चना ने कहा कि नेतृत्व की बागडोर उसके हाथ में शोभा देती है जिसकी दृष्टि और संवेदनशीलता उस व्यक्ति के संघर्षो और समस्याओं को देख कर अनुभव कर सके जो स्वयं अपनी कठिनाइयों को दूर नहीं कर सकता हो। वर्षो के अंतराल के पश्चात आज देश को सौभाग्य से हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा ही नेतृत्व प्राप्त हुआ है। अर्चना मीना ने कहा कि संघर्ष को जीवन का अभिन्न अंग मान कर जीने वाली देश की बहनों के लिए मोदी जी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के रूप में ऐसी भेंट दी है कि जिसने महिलाओं का मान बढ़ाया है और इसी कारण बढ़ा है देशवासी उनकी बहनों के हृदय में मोदी जी के प्रति सम्मान। भारतीय जनता पार्टी ने हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने में अद्वितीय कार्य किया है। अर्चना ने पुस्तक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये योजनाऐं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली बहनों और हमारी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत बेटियों तक अधिक से अधिक प्रचारित एवं प्रसारित करने में एक लघुप्रयास के विचार से मैंने इन्हें एक पुस्तक %बहनों के भाई नरेंद्र मोदी% में संकलित कर मैंने मातृशक्ति की ओर से प्रधान मंत्री मोदी जी के लिए कृतज्ञ भाव से धन्यवाद प्रेषित किया है और मेरा प्रयास है कि इन योजनाओं की जानकारी अधिकाधिक बहनों तक पहुँच सके। अर्चना ने कहा कि मैं सभी वरिष्ठजनों एवं असंख्य कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हूं जिनके माध्यम से मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं। इस अवसर पर उपस्थितजन को अर्चना ने अपने द्वारा संकलित प्रधानमंत्री द्वारा उनके कार्यकाल में किए गए छप्पन ऐतिहासिक कार्यो पर आधारित पुस्तक %56 शंखनाद% भी भेंट की। जिसका विमोचन प्रधानमंत्री मोदी जी के करकमलों से हुआ था। इस दौरान अर्चना ने अपील करते हुए कहा कि भाजपा को पुनः विजयी बना कर हमारे महान देश का भविष्य पुनः मोदी जी के सुरक्षित एवं सशक्त हाथों में सौंपें। इस अवसर पर भाजपा दौसा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीना की पुत्रवधु ओमवती मीना, सुमित्रा चौधरी, उर्मिला जोशी, किरण डोरिया, पंडित राधेश्याम शर्मा, डॉ. रतन तिवाड़ी, विपिन जैन सहित भारतीय जनता पार्टी, स्वावलंबी भारत अभियान व स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नव मतदाताओं के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की सीधी बात, लाइव संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

## जिलेभर के 33 हजार 299 नवीन मतदाता देंगे लोकतंत्र के यज्ञ में आहुति

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने स्वीप अभियान के तहत एक और नया नवाचार किया। जिला कलेक्टर निवास पर नव मतदाता के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं से मतदान संबंधित शंकाओं पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनने के लिए 19 अप्रैल को मतदान करने का आह्वान किया। फेसबुक लाइव संवाद कार्यक्रम में पहली बार वोट डालने वाले नवीन मतदाताओं से रूबरू होकर मतदान संबंधित शंका समाधान किए एवं फेसबुक लाइव संवाद पेज से भी सैकड़ों लोगों ने जुड़कर मतदान संबंधित जानकारी प्राप्त की। जिलेभर में 33 हजार 299 नव युवा मतदाता पंजीकृत है, जो मतदान करेंगे। जिनमें 18 से 19 आयु वर्ग में पुरुष मतदाता 19 हजार 752 एवं महिला मतदाताओं में 13 हजार 547 मतदान करेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यूथ चला बूथ सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिवस में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले के मतदाताओं एवं नवीन वोटर्स को जागरूक करने के लिए लाइव संवाद कार्यक्रम आयोजित किया ताकि युवा मतदाताओं के माध्यम से मतदान का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। कॉलेज एवं स्कूली छात्रा-छात्राओं के साथ मतदाता लाइव संवाद कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के साथ मतदान प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर संवाद किया गया। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि वे अनिवार्य रूप से मतदान करें एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करवाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं से संवाद करते हुए स्वस्थ लोकतंत्र में मत का महत्व तथा प्रत्येक चुनाव में एक एक मत के महत्व की उपयोगिता के संदर्भ में संवाद किया। संवाद कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान संबंधी विभिन्न ऐप के डाउनलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी दी और कई अन्य महत्वपूर्ण ऐप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश जिले के हर मतदाता तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। संवाद कार्यक्रम के दौरान सहायक नोडल स्वीप अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शीशराम यादव ने मतदान प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और मतदान का महत्व समझाया। जिला स्वीप समन्वयक डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रथम वोटर्स मतदाताओं से संवाद कर मतदाता जागरूकता की अलख जगाने एवं शत प्रतिशत मतदान करने और परिवारीजन को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

# होम वोटिंग में उत्साह से किया वरिष्ठ व दिव्यांगजनों ने मतदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत 85 एवं उससे अधिक वर्ष के अधिक आयु के वरिष्ठजनों एवं विशेष योग्यजनों के लिए घर से मतदान करने (होम वोटिंग) की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं, इसके तहत मंगलवार को उक्त श्रेणियों के मतदाताओं के घर पर ही मतदान दलों ने पहुंचकर विधिवत मतदान प्रक्रिया करवाई। होम वोटिंग का मौजूदा चरण 21 अप्रेल तक चलेगा। मतदान से वंचित रहे शेष मतदाताओं के लिए पुनः 22 से 23 अप्रेल तक दूसरा चरण प्रांरभ किया जायेगा। खेड़ली पुरोहित निवासी महादेवी उम्र 90 वर्ष ने मंगलवार को घर पर ही पहुंचे मतदान दल के समक्ष मतदान किया और निर्वाचन आयोग की इस विशेष सुविधा के लिए धन्यवाद दिया। इसी तरह आरके सक्सेना ने भी घर पर ही मतदान कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाई। दिव्यांग रवि शर्मा के लिए यह बहुत प्रसन्नता का मौका था जब वे सुविधापूर्वक अपने ही घर में की गई मतदान व्यवस्थाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा कि इस पहल के कारण वे सुविधा से सुगम मतदान कर पाएं हैं।

# श्रीराम नवमी पर मथुराधीश मंदिर पर होंगे पंचामृत दर्शन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** श्रीराम नवमी पर शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री मथुराधीश मंदिर पर पंचामृत दर्शन होंगे। वहीं रामनवमी से उष्ण प्रकृति के व्यंजन का भोग आरोगाना बन्द हो जाएगा। इससे पहले मंगला दर्शन के बाद प्रभु को चन्दन, आवंला एवं फुलेल से अभ्यंग कराया जाएगा। प्रथम पीठ युवराज मिलन बावा ने बताया कि पुष्टिमार्ग में भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों में से चार अवतारों श्रीकृष्ण, श्रीराम, श्रीनृसिंह एवं श्रीवामन को मान्यता दी है। इस कारण इन चारों अवतारों के जन्म दिवस को जयंती के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के दशावतारों में से श्री महाप्रभुजी ने भगवान विष्णु के दस अवतारों में ये चारों अवतार प्रभु ने निसाधन भक्तों पर कृपा के लिए लिए थे। इनकी लीला को पुष्टिलीला माना गया है। पुष्टि का एक शाब्दिक अर्थ कृपा भी है। उन्होंने बताया कि ऊष्ण प्रकृति के होने के कारण रामनवमी से ही प्रभु को सभी प्रकार के जमीकंद रतालू, सूरण, अरबी और शकरकंद आदि नहीं अरोगाये जाएंगे। ये जमीकंद भी आगामी विजयदशमी से फिर से अरोगाये जाने प्रारंभ होंगे।

# गौरव कुमार शर्मा बने उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने प्रदेश अधिकारियों की अनुमति पर गौरव कुमार शर्मा को उद्योग प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया एवं पार्टी के हित में कार्य करने हेतु निर्देशित किया

# भव्य श्रीराम शोभायात्रा आज, भगवामय हुआ सवाई माधोपुर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाई माधोपुर।** आज श्री राम नवमी के पावन पर्व पर सनातन धर्म प्रेमी राम भक्त सवाई माधोपुर द्वारा रेलवे स्टेशन स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से दोपहर 12¬15 पर महंत श्री रामदास जी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य श्री राम शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री राम जानकी मंदिर रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर सिटी मॉल,टोंक बस स्टैंड, शर्मा होटल, पुरानी ट्रक यूनियन, अंबेडकर सर्किल, गौतम आश्रम ,टोंक रोड होते हुए अग्रसेन सदन के सामने से सिविल लाइन, हमीर ब्रिज होते हुए अनाज मंडी रोड,आलनपुर सर्किल,भैरू दरवाजा से शहर मैन बाजार होते हुए राज बाग में पहुंचेगी, जहां शोभायात्रा का महाआरती के साथ समापन होगा। आज होने वाली शोभायात्रा में भगवान श्री राम, सीता माता, हनुमान जी, शिव परिवारआदि की झांकियां और ऊंट ,घोड़े गाड़ी आदि भी आकर्षण के केंद्र होंगे, इसके अलावा जिले के सभी साधू और संत समाज का शोभायात्रा में पावन सानिध्य प्राप्त होगा। आयोजन समिति सदस्य द्वारा आज होने वाली शोभायात्रा की तैयारियों के अंतर्गत पूरा बजरिया और शहर भगवा रंग के ध्वजों और साड़ियों से सुसज्जित किया गया है और हर तरफ भगवान श्री राम के भगवा झंडे लगाए गए है, सामाजिक, धार्मिक संगठनों और दुकानदरों द्वारा कई जगह शोभायात्रा मार्ग में स्वागत हेतु गेट बनवाए गए है, जहा शोभायात्रा में उपस्थित श्रद्धालुओं का स्वागत अभिनंदन के साथ शीतल पेय की व्यवस्था की जाएगी। श्रीराम शोभायात्रा के सफलता हेतु समिती सद्स्यों संरक्षक लालचंद गौतम, मोहनलाल कौशिक, मूल सिंह राजावत, सुरेश जैन, हरिबाबू जीनगर, राजेश गोयल, देवेंद्र राहौड़, रामपाल बालोत, अनमोल तोमर, हरिद्वारी लाल शर्मा, संयोजक हरि सिंह नाथावत,कोषाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजावत, उपेंद्र सिंह राजावत,नरेश सिंधी, प्रमोद पालीवाल, जगदीश अग्रवाल, दानेंद्र शर्मा,भुवनेश शर्मा, मुकेश गौतम, मीडिया प्रभारी श्रीराम शर्मा,हरिशंकर सुकालका, रजत भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज,मुकेश शर्मा, राम लखन गुर्जर आदि ने मुख्य बाजार में पीले चांवल वितरित कर शोभायात्रा की सफलता का आग्रह किया।

# लोकसभा आम चुनाव-2024 : तीसरे दिन 227 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। इसके तहत तीसरे दिन मंगलवार को 227 बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। लोकसभा आम चुनाव, 2024 में डाक मतपत्र के लिए आवेदन करने वाले मतदान दलों में नियुक्त कार्मिक चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी सेक्टर अधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, बीएलओ, पुलिस कार्मिक, होम गार्ड, आरएसी, ड्राइवर, क्लीनर, विभिन्न शाखाओं व रिटर्निंग अधिकारियों के कार्मिकों ने पुलिस ऑडिटोरियम में फेसिलिटेशन सेंटर पर पहुंचकर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मंगलवार को पंजीकृत डाकमत पत्र आवेदनकर्ता में से 2915 ने बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया।

# मतदाता और मतदान दल की सहूलियत हमारा प्राथमिक ध्येय - श्रीनिधि बीटी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की प्रेस वार्ता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को सभी बुनियादी आवश्यकताएं एवं वहां निर्वाचन दायित्व में लगे मतदान दल को हर संभव सहूलियत प्रदान की जायेगी मतदाता एवं मतदान दल का कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में से एक है, यह उद्गार जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्था मुहैया करने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, प्रशासन निर्वाचन के अंतिम महत्वपूर्ण कार्य अर्थात मतदान हेतु कटिबद्ध ढंग से तैयार है। सभी मतदान केन्द्रों पर छाया पानी के पूरे इंतजामात रहेंगे। दिव्यांग मतदाताओं एवं निशक्त वरिष्ठ मतदाताओं के लिये व्हीलचेयर्स का प्रबंध किया गया है। दिव्यांग मतदाताओं को लाने ले जाने की भी चौकस व्यवस्थाएँ की गई हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर प्राथमिक चिकित्सा हेतु आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वार्ता में मौजूद पत्रकारों से कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, सभी पत्रकार आमजन को मतदान में भागीदारी करा लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभायें। प्रशासन ने भी अति सक्रिय और लक्षित ढंग से स्वीप गतिविधियाँ की हैं, और यह इस बार बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के साथ प्रतिबिंबित होना चाहिए। पत्रकार प्रशासन के आंख और कान होते हैं, निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अहम सूचना को संज्ञान में लाये जिससे शान्ति और निष्पक्षता के साथ निर्वाचन की शुचिता को कायम रखते हुए मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो।



» धौलपुर ... प्रेस वार्ता करते जिला कलक्टर

**ईपिक के अलावा इन 12 दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईपिक नहीं होने की स्थिति में वीएचए एप से इलैक्ट्रॉनिक एपिक कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है एवं ईपिक न होने पर भी निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता को अन्य 12 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक का प्रयोग कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। इनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, बैंक अथवा डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा जारी दिव्यांग पहचान पत्र (यू.डी.आई.डी.), मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, भारतीय पासपोर्ट, सरकार अथवा सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, महापंजीयक जनगणना द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसद एवं विधायक को जारी आई.डी. शामिल हैं। उन्होंने पत्रकारों की विभिन्न शंकाओं के बारे में उत्तरित किया। इस मौके पर जिले के विभिन्न पत्रकार उपस्थित रहे।

# रीको एरिया में युवती टावर पर चढ़ी

## करीब 3 घंटे की समझाइश के बाद युवती को टावर से नीचे उतारा गया



» धौलपुर ... मोबाइल टावर पर चढ़ती युवती व समझाईश करती एसडीएम साधना शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** निहालगंज थाना इलाके के रीको एरिया में एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती 7 अप्रैल को अपने घर से परिजनों के साथ कैलादेवी गई हुई थी। इस दौरान युवती परिजनों से बिछड़कर लापता हो गई थी। आगरा की रहने वाली युवती के मोबाइल टावर पर चढ़ने की खबर मिलते ही पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब 3 घंटे की समझाइश के बाद युवती को टावर से नीचे उतारा गया।निहालगंज थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के शमशाबाद इलाके की रहने वाली एक युवती 7 अप्रैल को अपने परिजनों के साथ कैलादेवी गई थी। जहां से युवती अचानक परिजनों से बिछड़कर गायब हो गई। युवती की तलाश को लेकर उनके परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे आगरा की रहने वाली युवती के रीको क्षेत्र में एक मोबाइल टावर पर चढ़ने की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को नीचे उतारने के प्रयास किए। युवती के नीचे नहीं उतरने पर धौलपुर एसडीएम साधना शर्मा मौके पर पहुंचीं। जहां युवती के परिजनों को बुलाकर उसे नीचे उतारने के लिए समझाइश की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि करीब 3 घंटे की समझाइश के बाद युवती को नीचे उतार लिया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का सामने आ रहा है। जिसको लेकर निहालगंज थाने में युवती से पूछताछ की जा रही है।

# सांता किड्स स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मतदान करने के लिए जागरुक किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** द सांता किड्स स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने रैली के माध्यम से लोगों को 19 अप्रैल को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया। बच्चों ने रैली के माध्यम से सभी से निवेदन किया की दादा-दादी नाना नानी और मम्मी पापा सभी लोग वोट डालने जरूर जाएं बच्चों ने लोगों को समझाया की हम नन्हे मुन्ने बच्चों का भविष्यआपके द्वारा चुनी गई सरकार के हाथ में ही है यदि आप लोग मतदान नहीं करते हैं तो आपको किसी भी सरकार को कोसने का कोई अधिकार नहीं है आप सब लोग अपना वोट डालकर हमारे भविष्य को सुरक्षित करें रैली के दौरान बच्चों ने लोगों के हाथों में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कलाई पर बैंड भी बाधे। इस रैली में विद्यालय के सभी शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया।




» धौलपुर ... रैली निकाल मतदान के लिए जागरूक करते बच्चे

# बाड़ी : अपना घर आश्रम महिला इकाई ने प्रभुजियों को कराया भोजन



» बाड़ी ... प्रभुजियों को भोजन करातीं महिलायें

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** बाड़ी अपना घर आश्रम महिला इकाई ने नवदुर्गा के अवसर पर प्रभुजियो को अपने हाथ से कराया भोजन। अपना घर आश्रम अध्यक्ष कमलेश गर्ग अपना घर महिला इकाई की अध्यक्ष विमला गर्ग ने बताया कि आज नवदुर्गा महोत्सव के आठवें दिन अपना घर में रहने वाले सभी प्रभुजियों को महिला इकाई की टीम ने अपने हाथों से फलाहार कराया एवं उन्होंने कहा कि जो खुद खाने में आनंद नहीं है वह दूसरों को खिलाने में आनंद है विमल गर्ग ने कहा कि हमारी समिति समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है और आगे भी इसी तरह सभी सामाजिक एवं अपना घर के कार्य में महिला इकाई अग्रणी रहेगी। भोजन कार्यक्रम के दौरान अपना घर आश्रम की अध्यक्ष कमलेश गर्ग अपना घर महिला इकाई की अध्यक्ष विमला गर्ग सचिव कुसुम मित्तल अपना घर आश्रम की सचिव ऊषा मित्तल प्रिंसी गर्ग, लता मंगल, विद्या देवी जिंदल, नीलम मंगल, रानी गर्ग, मीडिया प्रभारी रोशनी शिवहरे, आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# महामाया मंदिर पर सजी फूल बंगला की झांकी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** श्री दुर्गा महामाया मंदिर पर लगी मातारानी की जात में दर्शनों हेतु उमड़े श्रद्धालु, लगी छप्पन भोग एवं फूल बंगला की झांकी। शहर के प्रसिद्ध श्री महामाया मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति जात का आयोजन गत दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।पूरे मंदिर परिसर को विविध रंगों के फूलों से सजाया गया साथ ही छप्पन भोग की झांकी भी लगाई गई। प्रात से ही मंदिर में दर्शनार्थियों की दर्शन हेतु लाइन लगी रही। शाम को मेले का उद्घाटन फीता काटकर गंगाबाई बगीची के महंत हनुमान दास महाराज एवं धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष नीरज शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद धौलपुर की उप सभापति श्रीमती माया शर्मा मौजूद रही। मेले का उद्घाटन करने के उपरांत महंत हनुमान दास ने उपस्थित दर्शनार्थियों को आशीर्वाद देने के साथ साथ 19 अप्रैल को अधिक से अधिक से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। महामाया का नयनाभिराम श्रृंगार विशेष रूप से बनारस से मंगाए गए लहंगे से पंचम बाथम के द्वारा किया गया।मातारानी की जात में दूर दूर से भक्त अपनी मन्नत पूरी होने पर दर्शनों के लिए आते है साथ ही हलवा पूरी चने का भोग लगाते है। मेले में दर्शनार्थियों ने विभिन्न प्रकार की चाट पकौड़ी, खिलोने, प्रसाद की दुकानें, झुले, आइसक्रीम एवं जूस का जमकर लुत्फ उठाया एवं खरीदारी की। बिक्री से मेले में आए सभी व्यापारियों के चेहरे खिले खिले नजर आए। उक्त अवसर आचार्य श्याम सुंदर शर्मा,मंदिर कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कश्यप, प्रदीप कश्यप, नीरज कश्यप,अरुण बाथम, पदम सिंह राना, निरोति कश्यप, शनि बाथम, नवल कश्यप,सुरेश बाथम,पप्पू सविता, प्रह्लाद मित्तल, मोहन कश्यप, तुषार गोयल, अशोक गर्ग, शीला, सतेंद्र पुजारी, तीरथ कश्यप, दीपक, भोला, शैलेश,कमल कश्यप एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# आशा कर्मचारी संघ ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** आशा कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष सुमन शर्मा के नेतृत्व में आशाओं ने ज्ञापन के माध्यम से जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी को अपनी पीड़ा सुनाईजिसमे आशाओं ने बताया उपकेंद्रों को पूर्व पीएचसी पर यथावत रखने बाबत ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि जिसमे लालपुर उपकेंद्र को पीएचसी बरेह मोरी पर यथावत रखा जाए क्योंकि मरेना सीएचसी लालपुर उपकेंद्र से 10 किलोमीटर की दूरी है जबकि बारेह मोरी पीएचसी 3 किलोमीटर है हम 12 साल से बरह मोरी पीएचसी पर जुड़े है और हमारे मरीज भी बरह मोरी पीएचसी पर ही जाना पसंद करते है मरैना कोई नहीं जाना चाहता है। सहजपुर उपकेंद्र और तौर शंकरा उपकेंद्र भी बरह मोरी पीएचसी पर यथावत रखा जाए कियोकी खेरली पीएचसी हमारे उपकेंद्र से 10 किलोमीटर है जबकि बरह मोरी पीएचसी 3 किलोमीटर है हमे जाने लिए सीधा साधन नहीं मिलता है हमे दो साधन बदलने पड़ेंगे। मांगरोल उपकेंद्र को खेरली पीएचसी या मनियां सीएचसी पर ही यथावत रखा जाए क्योंकि मांगरोल उपकेंद्र से बरह पीएचसी 15 किलोमीटर दूर पड़ती है जबकि खेरली पीएचसी या मनियां सीएचसी 3 किलोमीटर दूर पड़ती है। डूबेपुरा उपकेंद्र को पीएचसी तसीमो पर यथावत रखा जाए कियोकि डूबेपुरा उपकेंद्र से तसीमों पीएचसी 5 किलोमीटर है जबकि नुन्हेरा पीएचसी 20 किलोमीटर दूर है हमे जाने के लिए 3 साधन बदलने पड़ेंगे और आर्थिक भार भी पड़ेगा और परेशानी भी होगी। चोहनपुरा उपकेंद्र को मरैणा सीएचसी पर ही यथावत रखा जाए कियोकी चोहनपुरा उपकेंद्र से मरैन सीएचसी 5 किलोमीटर है जबकि मछरिया पीएचसी 10 किलोमीटर है। नौरंगावाद उपकेंद्र को पीएचसी तसीमो पर यथावत रखा जाए क्योंकि नौरंगावाद उपकेंद्र से तसीमो पीएचसी 5 किलोमीटर दूर है जबकि परुआ पीएचसी 10 किलोमीटर दूर है। दुलहारा उपकेंद्र को पीएचसी खेरली या सीएचसी मनियां में जोड़ा जाए कियोकी दुलहारा उपकेंद्र से विरोधा पीएचसी की दूरी ज्यादा है। आग्रह है कि उक्त उपकेंद्रो को यथावत पूर्व पीएचसी पर ही रखा जाए कियोकी हम आशा सहयोगिनी अल्प मानदेय कर्मी है हमे 4000 रुपए मासिक मानदेय मिलता है। हमारी परेशानी को देखते हुए हमे यथावत रखने की कृपा करे। ज्ञापन देने वालों में आशा कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष सुमन शर्मा, पिंकी शर्मा, रेखा, आशा, यशोदा, निरोज़, कल्पना, अंजना, सरिता, कमलेश, हरदेवी, राजकुमारी, प्रेमवती, लक्ष्मी आदि आशा सहयोगिनी मौजूद रही।



» धौलपुर ... जिला कलक्टर को ज्ञापन देने जातीं आशा कर्मचारी संघ




# शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता कैंडल मार्च निकाला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी।** स्वीप टीम बसेड़ी द्वारा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने हेतु उपखंड बसेड़ी के मुख्य स्थानों से होकर कैंडल मार्च निकाला। जिसे एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी ऋतुराज शर्मा, यूसीसीईं बसेड़ी सतीश चंद योगी जी, स्वीप टीम सदस्य देवानंद महावर,रामकिशोर शर्मा, आयुष गर्ग, बीएलओ देवेश कौशिक,अजय कुमार, हरिसिंह गोस्वामी, सुपरवाइजर राजेंद्र गिरी, वरिष्ठ सहायक विपुल गर्ग, प्रशासनिक अधिकारी सतीश चंद अग्रवाल, रतिराम शर्मा,नीलकमल जादौन आदि मौजूद रहे।

## डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान प्रक्रिया शुरू

**बसेड़ी।** सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मत का महत्व होता है। इसी को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने निवास से दूर रहकर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए डाक मत पत्र की व्यवस्था की है। धौलपुर जिले में डाक मत पत्र द्वारा मतदान के लिए जगह-जगह सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिस प्रक्रिया के तहत सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम दिनेश शर्मा ने उपखंड कार्यालय के पास सहायक अभियंता कार्यालय बसेड़ी में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र पर पहुंचकर डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालकर कर्मभूमि पर निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महती भूमिका निभाई, इस दौरान 30 कार्मिकों में से 25 कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट, 03 आवश्यक सेवा मतदाताओं ने मतदान किया, मतदान से शेष मतदाताओं का मतदान दिनाक 16 को भी जारी रहेगा।

# नेशनल हाईवे 44 पर बने ओवरब्रिजों पर रोड़ों के दोनों ओर जमा मिट्टी व रेता दे रहीं हैं दुर्घटनाओं को न्यौता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** धौलपुर में नेशनल हाईवे 44 पर रोड़ और पुलों के दोनों ओर इतनी मिट्टी रेता साइट से जमा हो गयी है जिसके वजह से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, नेशनल हाईवे पर मौरोली रोड़ के उपर बने ब्रिज, वाटर वर्क्स के पास ब्रिज, मिडवे के सामने, राजाखेड़ा बाईपास के पास जिनते ओवर ब्रिज बने हुये है। इन सभी ब्रिजों के रोड़ के दोनों ओर काफी मिट्टी व रेत जमा हो गई है



इन रोड़ों पर होर मोटरसाइकिल व साइकिल सवार निकलते है, बड़े वाहन से बचने के लिए जैसे ही साईड में जाते है तो वहां जमा रेत व मिट्टी में बाइक स्लिप हो जाती है जिससे आये दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

# ऑनलाईन ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरडा के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर मनोज शर्मा व वृताधिकारी वृत्त शहर धौलपुर तपेन्द्र मीना करने में सफलता प्राप्त की। जरिये मुखबिर सूचना मिली कि जिरौली फाटक से आगे ऑडेला रोड मंदिर पर में एक व्यक्ति रुपये पैसो की आनलाईन ठगी करने के उददेश्य से रुका हुआ है, जो किसी ठगी की वारदात को अंजाम दे सकता है। उक्त सूचना पर जानकीनंदन सउनि मय जाप्ता मय साईबर एक्सपर्ट टीम के रवाना होकर जिरौली फाटक महादेव व हनुमान मंदिर पर पहुंचा जहा पर एक व्यक्ति मंदिर पर मय एक बैग लिये हुये मंदिर पर बैठा हुआ मिला जिससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विक्रम विज पुत्र इन्द्र विज जाति ब्राहम्ण उम्र 55 साल निवासी गवर्मेन्ट हॉस्पीटल के पास बेहट सहारनपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर यूपी का होना बताया जिसके बैग को चैक किया गया तो बैग में 7 पैन कार्ड तथा 8 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के मिले एवं चार आधार कार्ड पृथक-पृथक नाम के मिले इसके अलावा बैंक की तीन पासबुक अलग-अलग बैंको की मिली तथा एक ड्राईविंग लाईसेन्स, 08 चैक बुक विभिन्न बैंक खातों की तथा 07 सिम कार्ड जिनमें से 5 वीआई कंपनी तथा 2 एयरटेल कंपनी की मिली एवं 2 मोबाईल रेडमी व ओप्पो कंपनी के, तथा रसीदनुमा दस्तावेज बालाजी एड कंपनी 24 किता, तथा श्री बालाजी एडं सन्स 34 किता मिले उक्त शख्स विक्रम विज से अपने पास अन्य लोगो के नाम से जारी शुदा चैक बुक व पासबुक, एटीएम कार्ड व आधार कार्ड, पेनकार्ड के बारे में पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि मैं इन लोगों के तथा रवि आई उर्फ रंजीत उर्फ मनोज उर्फ चिकना निवासी जयपुर के साथ रुपयो की आनलाईन ठगी का कार्य करता हूं रवि भाई उर्फ रंजीत उर्फ मनोज उर्फ चिकना निवासी जयपुर स्वंय व अपने अन्य साथियो के द्वारा जो आनलाईन ठगी या दो नंबर के पैसो को जीएसटी व इन्कम टैक्स से बचने के लिये करता है वह मेरे स्वंय के खाते में तथा अशोक टंडन, तथा नरेन्द्र कुमार के खाते में रुपये का ट्रान्सफर करता है उन पैसो को रवि भाई अपना कोई व्यक्ति भेजकर मुझसे व अशोक टंडन एव नरेन्द्र से एटीएम के मार्फत निकलवाकर ले जाता है, रवि भाई उर्फ रंजीत उर्फ मनोज उर्फ चिकना निवासी जयपुर अपने विदेशी नंबर से मैसेज या वॉइस कॉल करता है। रवि भाई जयपुर ने मेरे वर्चुअल नंबर पर मैसेज भेजकर मुझे यह बताया कि यश बैंक धौलपुर एटीएम के पास सूरज नाम का व्यक्ति आयेगा तब मै उसके कहे अनुसार यश बैंक के एटीएम के पास पहुंच गया

जहा पर मुझे सूरज नाम का व्यक्ति मिला और हम दोनो मुरैना व आगरा पटीएम पर जाकर मेरे खातो में आये पैसो को एटीएम कार्ड के जरिये मैने निकाल कर सूरज नाम के व्यक्ति को दे दिये थे रवि आई उर्फ रंजीत उर्फ मनोज उर्फ चिकना निवासी जयपुर ने सन 2023 में अपने मोबाईल नंबर से तेलगांना हैदराबाद से 10 लाख 67 हजार रुपये आनलाईन फायनेन्सियल ठगी की थी रवि भाई के कहे अनुसार सूरज ने मुझे कमीशन का 75000 रुपये दिये थे। उक्त शख्स के पास मिले आधार कार्डो व स्वय के ड्राईविंग लाईसेन्स में अलग अलग नाम व पते अंकित है जबकि आधार कार्ड व ड्राईविंग लाईसेन्स पर फोटो एक ही है तथा दोनो आधार कार्डो पर भी नंबर एक ही है उक्त व्यक्ति द्वारा आधार कार्ड तथा ड्राईविंग लाईसेन्स फर्जकारी कर बनवाये गये है। उक्त शख्स विक्रम विज के विरुद्ध धारा आईपीसी एवं 66डी आईटी एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।



» धौलपुर ... पुलिस की गिरफ्त में आरोपी



# विधानसभा क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजस्थान में पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनावों को मद्देनजर राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पुलिस आरएसी के जवानों के साथ लगातार फ्लैग मार्च कर रही है। मंगलवार को अर्ध सुबह जयपुर की पांचवीं आरएसी बटालियन की कंपनी कमांडर पिंकी और प्लाटून कमांडर रेणु,प्लाटून कमांडर बहादुर सिंह और राजाखेड़ा थानाधिकारी वीरसिंह गुर्जर, एसआई सगुण सिंह मीणा सहित आरएसी बल और पुलिस बल ने सौमली, सौमली का घेर, गंगोलियांपुरा, सिंघावली, अंबरपुर, गोपालपुरा अन्य जगह पर पूरी सख्ती के साथ फ्लैग मार्च किया गया। टुकड़ी के द्वारा क्षेत्र के अलग अलग संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर फ्लैग मार्च किया। आगामी 19 अप्रैल को होने वाले आम लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने और शांति पूर्ण तरीके से मतदान कराने,

आचार संहिता का सख्त पालन कराने,शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने और मतदाताओं को भयमुक्त मतदान करने के उद्देश से लगातार पुलिस पैदल फ्लैग मार्च में अपना पसीना बहा रही है। जवानों ने क्रटिकल, बनरेवल बूथों पर रूट मार्च निकाल करके ज्यादा से ज्यादा भयमुक्त जाकर मतदान करने की भी अपील की।साथ में रामसहाय, गायत्री देवी, पिंकी, मिंटू अन्य आरएसी जवान और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बाड़ी में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का रोड शो आज



**बाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की तरफ से प्रवास कार्यक्रम की विज्ञपति जारी कर उसमें बताया गया है कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर बाड़ी में करौली-धौलपुर लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव के समर्थन में रोड़ शो करेंगी। बीजेपी के विधानसभा प्रत्याशी और पूर्व विधायक रहे गिर्राज मलिंगा के आवास से रोड से शुरू होगा जो शहर में निकलेगा जो कि अम्बेडकर तिराहा दाऊजी का मंदिर किला गेट समापन बाड़ी पर होगा।

# सांख्यिकी अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**धौलपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 धौलपुर के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में सांख्यिकी प्रकोष्ठ में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को पीएस-5 एवं मतपत्र लेखा 17 सी को एकत्रित कर चुनाव से संबंधित सूचनाए संग्रहित एवं इन्द्राज करने हेतु पीएस-5 एवं मतपत्र लेखा 17 सी का प्रशिक्षण जिला कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया। प्रषिक्षण के दौरान मतदान दिवस के दिन प्रति 2 घंटे में मतदान की सूचनाएं प्राप्त करने, एन्कॉर पॉर्टल पर इन्द्राज करने एवं उसी दिवस रात्रि को मतदान पार्टियों से पीएस-5 की सूचनाऐं प्राप्त करने एवं एक्सेल शीट में पीएस-5 की सूचनाओं को फीड करने के बारे में बताया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।